

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News | @amarbhashkarnews | Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित



फ्रांस के राष्ट्रपति बोले- पीएम मोदी ने दुनिया को .........०१

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

भारतीयों नाविकों की मौत पर राहुल गांधी ने उठाया.......०१

वर्ष: ०3 अंक: 329 | बदायूं, सोमवार 15 जून 2026 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को दिखाई राह

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने की जमकर तारीफ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित भारत इनोवेट्स 2०26 कार्यक्रम में दुनिया को भारत के बढ़ते कदमों का अहसास कराया। पीएम मोदी ने वैश्विक मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि नवाचार भारत के डीएनए में बसा हुआ है। गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा और योग के जरिए भारत ने हजारों साल से पूरी मानवता की तरक्की का रास्ता साफ किया है।

आज जब दुनिया पर्यावरण संकट और आपसी संघर्षों के बड़े दौर से गुजर रही है, तब पीएम मोदी ने एक नया मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसी आधुनिक तकनीकें ही हमारा भविष्य तय करेंगी। ऐसे में भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता मानवता के लिए तकनीक की है। तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो सिर्फकुछ लोगों का नहीं, बल्कि सबका भला करे।

पीएम मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और फ्रांस की दोस्ती को बहुत मजबूत बताया। पीएम मोदी ने बताया कि एआई और सैटेलाइट तकनीक से ग्रामीण इलाकों का विकास होगा। इसके साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों से साफ-सुथरे विकास को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्टार्टअप्स को सिर्फ उनकी बाजार कीमत से नहीं, बल्कि इंसानी जिंदगी पर उनके अच्छे असर से आंका जाना चाहिए। उन्होंने दुनिया भर के निवेशकों को न्योता दिया कि वे भारत के साथ मिलकर ऐसी तकनीक बनाएं जो सुरक्षित, भरोसेमंद और पूरी मानवता के काम आने वाली हो।

कार्यक्रम के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत की जमकर तारीफ की। दोनों नेताओं ने मिलकर इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मक्रों ने कहा कि भारत आज इनोवेशन का एक बड़ा केंद्र बन चुका है और दोनों देशों के बीच बेहद मजबूत और सच्चे रिश्ते हैं।

राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत के विनिर्माण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हम भारत के मेक इन इंडिया कदम का पूरा सम्मान करते हैं और फ्रांस इस मुहिम में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि रक्षा से लेकर टेक्नोलॉजी तक, दोनों देश कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने एक और बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिक परमाणु ऊर्जा (सिविल न्यूक्लियर एनर्जी) के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स (एसएमआर) तकनीक का जिक्र किया और कहा कि इस नई तकनीक से क्लीन एनर्जी का लक्ष्य पाना काफी आसान हो जाएगा। यह भारत सरकार की एक बेहद खास और दूरदर्शी पहल है। इसका मुख्य मकसद भारत के डीप-टेक स्टार्टअप्स और रिसर्च से जुड़े नए उद्यमों को एक बड़ा वैश्विक मंच देना है। नीस में हो रहे इस आयोजन में भारत और फ्रांस के टॉप स्टार्टअप्स के साथ-साथ कई देशों के बड़े इनवेस्टर्स भी हिस्सा ले रहे हैं।

बता दें कि इस आयोजन में भारत के 12० बेहतरीन डीप-टेक स्टार्टअप्स और 2० से ज्यादा बड़े संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। यहां 13 अलग-अलग महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 35० से अधिक बड़े निवेशक और वेंचर कैपिटलिस्ट भी पहुंचे हैं।

## रौशन आनंद के भाई का शव नेपाल में मिला

## खान सर के कोचिंग में तोड़फोड़ के आरोपी की होटल में संदिग्ध मौत





**पटना।** सहरसा निवासी और चर्चित शिक्षक रौशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस कुमार यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना 13 जून की देर रात हुई। घटना के बाद नेपाल पुलिस ने इसे संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, जिसके कारण मामले को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। परिजन और रौशन आनंद के समर्थक प्रिंस की हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

इधर, पुलिस ने प्रिंस यादव के साथ मौजूद लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



बता दें कि प्रिंस यादव का नाम पहले पटना में चर्चित खान सर कोचिंग सेंटर पर हुए हमले के मामले में भी सामने आ चुका था।

प्रिंस यादव सहरसा जिले के निवासी थे और क्षेत्र में सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय थे। वह जिला परिषद चुनाव लड़ने की भी तैयारी कर रहे थे। उनकी अचानक हुई मौत के बाद परिजनों और समर्थकों ने मामले की गहन एवं निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। वहीं, घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोग जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## एक नजर

### ट्रेन में आग की अफवाह सुनकर कूदे यात्री, दूसरी ट्रेन की चपेट में आएय छह लोगों की मौत

**मुरैना।** जिले के हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए और दूसरी लाइन पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में तीन महिलाओं और एक मासूम बच्चे समेत कुल छह लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

जानकारी के मुताबिक, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ग्वालियर से मुरैना की ओर जा रही थी। इसी दौरान किसी यात्री ने डिब्बे में आग लगने की बात कही, जिससे बोगी में अफरातफरी मच गई। घबराए यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींचकर ट्रेन रोक दी और कई लोग नीचे उतर गए। इसी दौरान पास की लाइन पर धौलपुर की ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस वहां पहुंच गई और कुछ यात्री उसकी चपेट में आ गए।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और मुरैना पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया तथा मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों से संपर्क करने की प्रक्रिया जारी है। इस हादसे के चलते दिल्ली-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए रेल यातायात प्रभावित रहा। कई ट्रेनों को रास्ते में रोका गया, जबकि प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गईं। बाद में ट्रैक को क्लियर कर रेल यातायात सामान्य किया गया। रेलवे प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ट्रेन में आग लगने की पुष्टि नहीं हुई है।

## पूर्व विधायक के बेटे ने गोली मारकर पत्नी की हत्या कर खुद भी दे दी जान





**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** कांग्रेस के पूर्व विधायक स्व. जगदीश सिंह यादव के बेटे राकेश यादव (73) ने शनिवार रात सुभाष तिराहा स्थित आवास में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से पत्नी राममूर्ति (68) को गोली मार अपने सिर में भी गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी ने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ा। राकेश आदर्श कृष्ण इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक थे और उन पर मई 2०25 में विद्यालय की कृषि भूमि से होने वाली आय के 2.6० लाख रुपये गबन करने का आरोप लगा था। उसी के मुकदमे की तारीख से वह शाम को अदालत से घर लौटे थे।

शनिवार रात करीब 9:3० बजे राकेश के आवास के एक कमरे से अचानक दो गोलियों की आवाजें गूंजीं। घर के दूसरे कमरों में मौजूद राकेश यादव की बड़ी बेटी गरिमा और छोटी बेटी प्रतिमा बदहवास दौड़ीं। कमरे के भीतर माता-पिता खून से लथपथ पड़े थे।

राकेश के माथे पर बीचोबीच गोली लगी थी। मां राममूर्ति देवी की छाती में दायीं ओर कंधे के थोड़ा नीचे गोली लगी थी और वह तड़प रही थीं। परिजन उन्हें तुरंत ट्रामा सेंटर लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बड़ी बेटी गरिमा ने बताया कि उनके पिता राकेश यादव लंबे समय तक आदर्श कृष्ण इंटर कॉलेज के प्रबंधक रहे थे। मई 2०25 में उनके ही पारिवारिक भतीजे राहुल यादव निवासी डाहिनी, शिकोहाबाद ने उन पर विद्यालय की कृषि भूमि की आय गायब करने और फर्जी तरीके से प्रबंधक बनने का आरोप लगाते हुए अदालत के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। बीती रात पिता राकेश यादव इसी मुकदमे के सिलसिले में कोर्ट में तारीख पर गए थे और शाम करीब पांच बजे घर लौटे थे। गरिमा के अनुसार, कोर्ट से लौटने के बाद से ही वह गहरे मानसिक तनाव और अवसाद में थे। सामाजिक बदनामी के डर और कानूनी शिकंजे के तनाव के कारण उन्होंने यह खौफनाक कदम उठा लिया। गरिमा ने बताया कि मां राममूर्ति देवी लंबे समय से कैंसर से भी पीड़ित थीं। राकेश यादव का परिवार क्षेत्र के बेहद संभ्रांत और रसूखदार राजनीतिक परिवारों में गिना जाता है। उनके पिता स्व. जगदीश सिंह यादव कांग्रेस के कद्दावर नेता और शिकोहाबाद विधानसभा से 8० के दशक में विधायक रहे थे।

## चढ़ावे में चोरी: सपा मुखिया अखिलेश यादव बोले- ये सनातन का दुर्भाग्य

### अफसर करेंगे संतों की जांच



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** होटल आईटीसी में रविवार को विजन इंडिया कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी के बाद सनातन धर्म का कितना दुर्भाग्य है कि अब राम मंदिर और साधुओं की जांच अधिकारी करेंगे। सनातन धर्म के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। यह सनातन धर्म का अपमान है। वहां कैमरे बंद कर दो, लाइट बंद कर दो, प्रभु श्रीराम के सामने अपने आप कोई चढ़ावा रख जाएगा। चढ़ावा वापस कर दो, प्रभु श्रीराम माफ कर देंगे। उन्होंने योगी सरकार के राम मंदिर में चोरी के मामले में एसआईटी गठित करने पर सवाल उठाए। भाजपा के आगरा के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र चौधरी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मिलने पर सपा मुखिया ने तंज कसा। कहा इतने बड़े नेता थे, उन्हें कौन सा विभाग मिला? सूक्ष्म। वह भी तब, जब उसमें कोई बजट नहीं है।

समय से पहले विधानसभा चुनाव होने की अटकलों पर अखिलेश ने कहा कि जो प्रधानी का चुनाव नहीं करा पा रहे हैं, वे नवंबर में चुनाव कराएंगे? ये लोग उलझा रहे हैं। ये सोच रहे हैं कि नवंबर का नाम लेकर समाजवादियों की रणनीति जान लें। हम अपनी रणनीति नहीं बताने वाले। नई पीढ़ी के लोगों से कहना चाहता हूं कि यूपी के विकास का रास्ता समाजवादी ही निकालेंगे।

सपा मुखिया ने कहा कि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी इसलिए भी एक मिसाल है, क्योंकि उसके लिए ऐसा प्रावधान किया गया, जिससे डॉक्टरों को एम्स के समान सुविधाएं मिल सकें। हमारा प्रयास रहा है कि सरकारी मेडिकल संस्थानों में डॉक्टरों को बेहतर वेतनमान और सुविधाएं मिलें, ताकि वे वहां से जाने के लिए मजबूर न हों। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि लखनऊ के लोहिया अस्पताल और सैफई मेडिकल कॉलेज की तरह आगरा में भी ऐसा मेडिकल संस्थान विकसित किया जाएगा, जहां गरीबों और आम लोगों को बेहतर इलाज और दवाओं की सुविधा मिल सके। साथ ही इसे वास्तुकला के लिहाज से भी इतना बेहतर बनाया जाएगा कि यह आगरा की पहचान बन सके और लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सके।

## धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हैदराबाद में सीजेपी का प्रदर्शन

**बेंगलुरू।** हैदराबाद के धरना चौक पर रविवार को कॉकरोच जनता पार्टी और कई अन्य संगठनों ने मिलकर बड़ा प्रदर्शन किया। इन लोगों का गुस्सा नीट पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग सिस्टम में हुई गड़बड़ियों को लेकर था। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की एनडीए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनकी मुख्य मांग थी कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से तुरंत इस्तीफा दें। भीड़ में हमें न्याय चाहिए और धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो जैसे नारे गूंज रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए साफकिया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक सत्ता को पाने या किसी पार्टी को चुनौती देने के लिए नहीं है। इसका असली मकसद जनता को जागरूक करना और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। वांगचुक ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षा मंत्री बनने या नई पार्टी बनाने के लिए नहीं है। यह देश में युवाओं के साथ हो रही गलतियों को सुधारने की एक कोशिश है। उन्होंने इसे एक जागृति या बदलाव की शुरुआत बताया। सोनम वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से इन सिस्टम की खामियों की जिम्मेदारी लेने को कहा।

## भारतीय नाविकों की मौत पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल



**दिल्ली।** ओमान तट के पास अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में भारतीय नाविकों की मौत और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के हालिया बयानों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका की ओर से भारत को कड़े संदेश दिए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु देश को ऐसी भाषा स्वीकार नहीं करनी चाहिए। राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच बातचीत के बाद अमेरिका ने होर्मुज क्षेत्र में अपने निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर कहा कि अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिन बाद भी न तो खेद व्यक्त किया गया और न ही माफी मांगी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके उलट अमेरिका भारत को निर्देश दे रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि एक संप्रभु राष्ट्र ऐसी भाषा कभी स्वीकार नहीं करेगा, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को समझौता कर चुके प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि वे एक आज्ञाकारी सेवक की तरह आदेश सुनते हैं और उनका पालन करते हैं। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि ऐसा नेतृत्व देश के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता।

यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब अमेरिका ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में उसकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल का अवैध परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत में यह बात कही। इससे पहले जयशंकर ने ओमान तट के पास अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में भारतीय नागरिकों की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत जेसन मीक्स को भी तलब कर स्पष्ट किया कि भारतीय चालक दल वाले वाणिज्यिक जहाजों पर घातक हमले स्वीकार्य नहीं हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चर्चा को तेज कर दिया है।

राहुल गांधी ने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर खड़े एक जहाज में मृत भारतीय नागरिक निशांत उर्थनाथन के मामले को भी उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से पार्थिव शरीर को जल्द भारत लाने की मांग की। दूसरी ओर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर भारतीय जहाजों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया, जबकि ईरान ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। होर्मुज क्षेत्र में जारी तनाव और समुद्री यातायात में व्यवधान के कारण भारतीय नाविकों और व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में यह मुद्दा अब घरेलू राजनीति के साथ-साथ विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा की बहस का भी केंद्र बन गया है।

## अयोध्या सांसद की मांग-ट्रस्ट को भंग किया जाए, एससी की निगरानी में हो जांच



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने रविवार को प्रेस वार्ता कर राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर उन्हें भरोसा नहीं है और मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में गठित स्वतंत्र समिति से कराई जानी चाहिए।

सांसद ने मांग की कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए पहले राम मंदिर ट्रस्ट को भंग किया जाए तथा सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को उनके पदों से हटाया जाए। उनका कहना था कि पद पर बने रहने से जांच प्रभावित हो सकती है। अवधेश प्रसाद ने इस मामले को सार्वजनिक करने का श्रेय सपा प्रमुख अखिलेश यादव को देते हुए कहा कि उन्होंने ही ट्वीट कर प्रकरण को सामने लाया और जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सांसद ने कहा कि यह मामला केवल ट्रस्ट या प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि भगवान राम और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने दावा किया कि चढ़ावे की रकम को लेकर कई गंभीर सूचनाएं सामने आ रही हैं और पूरी सच्चाई सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होने वाली जांच से ही सामने आ सकेगी।

# रक्षा मंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया अनावरण




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शमसाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया। खेरिया एयरफोर्स स्टेशन पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर पटका पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। प्रतिमा अनावरण के बाद रक्षा मंत्री जनसभा स्थल, मुख्य मंच पर पहुंचे। वहां पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया व अन्य गणमान्यों ने स्मृति चिह्न, मोमेंटो, गदा आदि भेंट कर स्वागत किया।

रक्षा मंत्री ने जनसभा को भारत माता की जय के साथ संबोधित करते हुए कहा कि शमसाबाद में लंबे अंतराल के बाद आए हैं। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया की भाषण कला की सराहना करते हुए कहा कि परमात्मा ने लगता है जन्म से ही उनके अंदर अपनी बात लोगों के सामने प्रस्तुत करने की क्षमता दी है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हिंदुस्तान में अद्वितीय संघर्ष के प्रतीक हैं, जो किसी भी कीमत पर मान-सम्मान और मूल्यों से समझौता नहीं कर सकते थे। उन्होंने महलों का बिस्तर छोड़कर पहाड़ों में पत्थरों पर सोना मंजूर किया, लेकिन भारत की मिट्टी की रक्षा के लिए मिट्टी को दुश्मनों के खून से लाल कर दिया। महाराणा प्रताप के पूरे जीवन से शिक्षा मिलती है कि आजादी की कोई कीमत नहीं होती, देश और देश के लोगों के आत्मसम्मान से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। उसी सोच के साथ पिछले 12 वर्षों में भारत के गौरव को बढ़ाने के लिए कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को उतनी गंभीरता नहीं दी जाती थी, आज भारत कुछ बोलता है तो पूरा विश्व सुनता है। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकिस्तान की आतंकवादी घटनाओं से प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधु नदी समझौता सस्पेंड कर दिया है। 12 साल पहले कोई नहीं सोच सकता था कि भारत नक्सलवाद से मुक्त होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार जाति-धर्म की राजनीति नहीं करती। आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, गांव-गांव तक जल की व्यवस्था और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन बेहतर हो रहा है। मोदी जी को दुनिया के 32 देशों का सर्वोच्च सम्मान मिला है, यह केवल मोदी जी का नहीं बल्कि 140 करोड़ जनता का सम्मान है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त की गई और राम लला का मंदिर बना- जो कहा था वह पूरा किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, सांसद फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, बेबी रानी मौर्य, धर्मवीर प्रजापति, विधायक डा. धर्मपाल सिंह, जीएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, छोटे लाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाह, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिग आदि मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में खून से लथपथ मिला किशोर

## इलाज के दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**किरावली।** कस्बा क्षेत्र में रविवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। अभुआपुरा मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में 13 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। सिर और चेहरे पर ईंट-पत्थरों से हमला किए जाने के कारण उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, रविवार अपराह्न डब्ल्यू कॉलोनी के पास खेल रहे कुछ बच्चों ने रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में एक लड़के के पड़े होने की सूचना स्थानीय युवकों को दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि किशोर खून से लथपथ अवस्था में पड़ा था और उसके सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 और थाना किरावली पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सत्यवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को एंबुलेंस से उपचार के लिए आगरा भेजा गया। मृतक की पहचान प्रिंस उर्फगुल्लू पुत्र बच्चू सिंह, निवासी अभुआपुरा के रूप में हुई है। चिकित्सकों ने उसकी हालत अत्यंत गंभीर बताई, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। प्रारंभिक जांच में मामला किसी रंजिश अथवा आपसी विवाद में किए गए जानलेवा हमले का प्रतीत हो रहा है। पुलिस आसपास के क्षेत्र के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### देश में बढ़ रही सांप्रदायिकता... लिखकर हेड कांस्टेबल मोहम्मद जमशेद ने दिया इस्तीफा

**बरेली।** जनपद के फतेहगंज पूर्वी थाने से मुरादाबाद जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबल मोहम्मद जमशेद ने देश में सांप्रदायिकता बढ़ने का आरोप लगाया और राजनीति में जाने की इच्छा जाहिर की है। हेड कांस्टेबल ने अपना त्यागपत्र (इस्तीफा) एसएसपी बरेली अनुराग आर्य को भेज दिया है। मोहम्मद जमशेद का त्यागपत्र पुलिस विभाग में चर्चा का विषय बन गया है।

मोहम्मद जमशेद की हाल तैनाती जीआरपी में हुई है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि पुलिस की वर्दी ने उन्हें बहुत सम्मान दिया है, इसलिए अच्छा पुलिस वाला बनते हुए कभी वर्दी के सम्मान से समझौता नहीं किया। पुलिस की नौकरी से संतुष्ट हूं। मगर वर्तमान समय में प्रदेश व देश के अंदर सांप्रदायिकता बढ़ती जा रही है। जिससे देश और प्रदेश में आदमी एक-दूसरे का दुश्मन बन गया है। मोहम्मद जमशेद ने आगे लिखा, मैं सांप्रदायिकता को कम करने और देश सेवा के लिए राजनीति में जाना चाहता हूं जिस कारण उत्तरप्रदेश पुलिस से त्यागपत्र देना चाहता हूं। मेरा त्यागपत्र स्वीकार करें। जमशेद के द्वारा सौंपा गया त्यागपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस महकमे में भी मोहम्मद जमशेद के त्यागपत्र की चर्चा हो रही है। जमशेद का कहना है कि प्रदेश में भाईचारा दोबारा कायम किया जाएगा। धर्मनिरपेक्षता, समानता और एकता के लिए राजनीति में आ रहे हैं। मोहम्मद जमशेद जिला मुरादाबाद के थाना मैनाठेर के गांव गुरेर का रहने वाले हैं। वह 22 मार्च से जीआरपी में संबद्ध हैं।

### बीडीए की नवागत उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने संभाला चार्ज, बोलीं- अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

**बरेली।** विकास प्राधिकरण (बीडीए) की नवागत उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। 2017 बैच की आईएएस अधिकारी सौम्या पांडेय इससे पहले कानपुर में अपर श्रमायुक्त के पद पर तैनात थीं। उन्हें आरएफसी बरेली का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि रामायण वाटिका, टाउनशिप समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि माफिया को किसी भी कीमत पर अवैध कॉलोनियां विकसित नहीं करने दी जाएंगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बुलडोजर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बीडीए स्टाफके साथ बैठक की। प्राधिकरण के अभिलेख कक्ष, विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। बीडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि नई योजनाओं पर काम होगा और जो योजनाएं चल रही हैं, उन्हें समय से पहले पूरा कराना है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता में शहर का विकास रहेगा। हर काम नियम से होगा।

### अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**उघैती।** अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उघैती पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ग्राम खितौरा कुन्दन से एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस की टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खितौरा कुन्दन में एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।तलाशी के दौरान गिरफ्तार युवक की पहचान दीपक भारद्वाज पुत्र भूपेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम खितौरा कुन्दन, थाना उघैती के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक पौनिया देशी 12 बोर बरामद किया। बरामद हथियारों के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# लक्ष्मी सिंह का हत्यारा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**आगरा।** थाना खैरा राठौर क्षेत्र की महिला लक्ष्मी सिंह की हत्या में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त ने पूछताछ में जेवर के लालच में हत्या करने की बात स्वीकार की है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम बटेश्वर परिक्रमा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान अभियुक्त मनु पुत्र कलियाँ सिंह, निवासी पूरा गुमान सिंह पूरा, थाना खैरा राठौर को दबोचा गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हुई।

अभियुक्त के पास से दो कुंडल पीली धातु, दो पायजेब, 1500 रुपये नगद, एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस और एक बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामद जेवर मृतका लक्ष्मी सिंह के बताए जा रहे हैं।

पूछताछ में अभियुक्त मनु ने बताया कि महिला लक्ष्मी सिंह उसी के गांव की परिचित थी। जेवर के लालच में आकर उसने उसकी हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। गिरफ्तारी के दौरान घायल होने के कारण अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया गया है।

इस संबंध में पुलिस के द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

# भैंस चोरी करने वाले 4 अभियुक्त किए गिरफ्तार




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**आगरा।** थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में भैंस चोरी की घटना में शामिल 4 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चोरी के 40 हजार रुपये, पुरानी लोहे की साकल, रेशम की रस्सी और घटना में प्रयुक्त मैक्स पिकअप गाड़ी बरामद की गई है।

पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद के नेतृत्व में थाना बमरौली कटारा पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सर्विस लेन से प्रकरण में संलिप्त 4 अभियुक्तों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम भोला उर्फ इस्तकीम पुत्र मुस्तकीम, कासिम पुत्र जुम्मा कुरैशी, नदीम पुत्र शब्बीर अली व कुंजा पुत्र फरियाद मिया हैं। तलाशी में उनके पास से 40 हजार रुपये नगद, पुरानी लोहे की साकल, 01 रेशम की रस्सी और 01 मैक्स पिकअप गाड़ी बरामद हुई। बरामद माल के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 11 जून 2026 की रात उन्होंने ग्राम बमरौली कटारा तालाब के पास गली से एक घर से बंधी भैंस चोरी की थी। भैंस को रेशम की रस्सी से बांधकर पिकअप में खींचकर फतेहपुर सीकरी के पशु पीठ में 60,000 रुपये में बेच दिया था। बेचने के बाद मिले रुपये आपस में बांट लिए थे।

# बौहरे राम गोपाल मार्केट में ड्रग विभाग की छापेमारी




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**आगरा।** शहर के व्यस्ततम फव्वारा इलाके स्थित बौहरे राम गोपाल मार्केट में ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर नकली व अवैध दवाओं का बड़ा जखीरा पकड़ा है। कार्रवाई से पूरे दवा बाजार में हड़कंप मच गया।

गोपनीय सूचना के आधार पर आगरा के औषधि निरीक्षक नवनीत कुमार के नेतृत्व में बुलंदशहर, उन्नाव, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर और संभल के औषधि निरीक्षकों की विशेष टीम ने मार्केट की दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान नंबर 17 पर दबिश दी। शटर आधा गिरा और ताला लगा मिला। मकान मालिक की मौजूदगी में ताला खोलकर जांच शुरू की गई।

दुकान से बिना लाइसेंस भारी मात्रा में नॉट फॉर सेल फिजिशियन सैंपल और संदिग्ध दवाएं बरामद हुईं। कई दवाओं की एक्सपायरी समाप्त हो चुकी थी और उन पर अवैध तरीके से स्टीकर लगाकर दोबारा पैक किया गया था। जीवनरक्षक व प्रतिबंधित दवाओं का अवैध भंडारण कर बाजार में खपाने की तैयारी थी।

टीम ने मौके से 12 संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर सील किया और जांच के लिए लैब भेज दिया। शेष अवैध स्टॉक को 13 बड़ी सफेद प्लास्टिक बोरियों में भरकर उसी दुकान में सुरक्षित रखा गया। इसके बाद दुकान को पूरी तरह सील कर दिया गया।

इस मामले में मुख्य आरोपी सुमित गुप्ता के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और ड्रग विभाग की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद शहर के दवा कारोबारियों में बेचैनी बढ़ गई है। फव्वारा और आसपास के बाजारों में दिनभर इसी छापेमारी की चर्चा रही। विभागीय अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है।

# अनूठी पहल: युवा पीढ़ी ने संभाली धर्म की पताका




**आगरा।** ट्रांस यमुना कॉलोनी के जैन समाज के युवाओं ने धर्म और संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है। इन युवाओं ने अपने समूह का नाम मुनि सेवा भक्त परिवार रखा है और संकल्प लिया है कि वे प्रत्येक सप्ताह एक दिन सामूहिक रूप से शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में जाकर भगवान का अभिषेक करेंगे। इस पहल का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि युवाओं के मन में धर्म के प्रति आस्था और जुड़ाव को मजबूत करना भी है। भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां युवा वर्ग धर्म से दूर होता जा रहा है, वहीं यह समूह उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। समूह के सदस्यों का कहना है कि इस अभियान के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं खुद धर्म से जुड़े रहना, दूसरों को प्रेरित कर धर्म से जोड़ना और उन उपेक्षित मंदिरों में भी रौनक लौटाना जहां श्रद्धालुओं की संख्या कम रहती है। प्रत्येक सप्ताह सुबह सात बजे सफेद वस्त्र धारण कर युवा श्रद्धालु शुद्ध भावनाओं के साथ मंदिर पहुंचते हैं। णमोकार मंत्र की मधुर गूंज और केसर-जल से भगवान का अभिषेक करते हुए जब 20 से 25 युवा एक साथ भक्ति में लीन होते हैं, तो पूरा मंदिर जिन शासन की ऊर्जा और आध्यात्मिक उल्लास से भर उठता है। यह पहल समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश भी दे रही है कि धर्म केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं है, बल्कि युवा पीढ़ी की शक्ति और संस्कारों का आधार भी है। यदि युवा आगे बढ़कर धर्म का दायित्व निभाएं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है। इस अनूठे धार्मिक अभियान में राजीव जैन, बिप्लव जैन (विमल परिवार), संदीप जैन, मोहित जैन, शेखर जैन, पंकज जैन, सीए प्रतीक जैन, कृष जैन, वैभव जैन, दर्पण जैन सहित कई युवा सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं। मुनि सेवा भक्त परिवार की यह पहल न केवल जैन समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है।

# बृज की रसोई द्वारा नि:शुल्क भोजन वितरण



**लखनऊ।** मानव सेवा और परोपकार की भावना को समर्पित इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित बृज की रसोई के तत्वावधान में रविवार, 14 जून 2026 को आशियाना, लखनऊ में नि:शुल्क भोजन एवं शीतल शरबत व केला वितरण सेवा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद, असहाय, श्रमिक, राहगीर एवं स्थानीय नागरिकों ने भोजन ग्रहण कर सेवा का लाभ प्राप्त किया।

संजय श्रीवास्तव ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणास्रोत पूज्य बाबा नीम करोली जी महाराज के स्मरण एवं सेवा संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं समाजसेवियों ने पूर्ण समर्पण भाव से भोजन वितरण कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। दीपक भुटियानी ने कहा आयोजन के दौरान सैकड़ों लोगों को सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन एवं शीतल शरबत व केला वितरित किया गया। सेवा प्राप्त करने वाले अनेक जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष और मुस्कान देखकर उपस्थित स्वयंसेवकों की आंखें भी भावुक हो उठीं।

आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भूखे व्यक्ति को भोजन कराना केवल दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारा नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना समानता, बंधुत्व एवं सामाजिक न्याय को साकार करने का सबसे सरल माध्यम सेवा है। जब समाज का सक्षम वर्ग जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील होकर सहयोग करता है, तब एक समरस और सशक्त राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी के साथ श्री शर्मा ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, शुभचिंतकों, स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और विश्वास के बल पर बृज की रसोई भविष्य में भी निरंतर सेवा, दान एवं मानव कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी। अनुराग दुबे ने बताया कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए, इसके लिए सामूहिक प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा। सेवा ही धर्म है, भोजन ही सबसे बड़ा दान है इसी संदेश के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जालिम सिंह ने बताया इस सेवा कार्य में सी.एच. तिवारी, दीपक भुटियानी, पप्पू कुमार सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, बलवंत सिंह, राजीव कुमार पटेल, आशीष श्रीवास्तव, अनिल सिंह, विनोद मिश्रा, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह, उमाशंकर यादव एवं गोविन्द सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# उत्तर पूर्वी दिल्ली मे प्रगति ही प्रगति: मनोज तिवारी

**दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला दिल्ली प्रदेश मे आयोजित प्रगति पथ यात्रा मे सांसद मनोज तिवारी ने बताया की इन 12 सालों मे प्रगति ही प्रगति देखने को मिली। मोदी सरकार के नेतृत्व मे पूरे देश मे अनगिनत ऐसे कार्य हुए जो कई वर्षो से लंबित थे। और जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी का लाभ हुआ है। उत्तर पूर्वी दिल्ली ने तो बहुत योजनाओं को साकार होते देखा जैसे मीतनगर रेलवे हाल्ट पासपोर्ट केंद्र केंद्रीय विद्यालय एलिवेटेड दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पिंकलाइन रिंगरोड मेट्रो इन सब योजनाओं को साकार होते देखा है और अब इसका लाभ भी उत्तर पूर्वी दिल्ली को मिल रहा है।

दिल्ली प्रदेश से पूरी दिल्ली प्रगति पथ कार्यक्रम को देख रहे विधायक अजय महावर ने बताया कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे उत्तर पूर्वी जिला के लिए एक बड़ी सौगात है इसके लिए हम मोदी जी का धन्यवाद करते है। यह यात्रा खजूरी के आर ऐ एफकैंप से 100 प्रतिशत व्हीकल के माध्यम से बड़ा गांव जैन मंदिर तक गयी जिसमे कुछ ही मिनट लगे। वहां दर्शन करके भगवान का आशीर्वाद लिया। यात्रा के दौरान यह सन्देश अनिवार्य था कि 100 ईवी गाड़िया इस्तेमाल हो ताकि वायु प्रदूषण के कमी हो तेल कि बचत हो। इस कार्यक्रम का समापन आम के रस का स्वाद लेकर निगम रेखा रानी के आम के बाग मे किया गया जहाँ मेयर प्रवेश वाही और स्टैंडिंग कमेटी सत्या जी भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा बताया कि प्रगति पथ यात्रा से पता चलता है कि कई घंटो का सफर मिनिटो मे हो जाता है इसी को कहते है देश का विकास। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम चौहान राजकुमार बल्लन रेखा रानी सचिन मावी दिनेश धामा मास्टर सतपाल संजय त्यागी मीडिया प्रभारी दीपक चौहान कार्यक्रम संयोजक मुकेश गोयल राजू बंसल विजेंद्र चौधरी नेहा आदि लोग उपस्थित रहे।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 जिसका अनुक्रमांक 0915158 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2017 जिसका अनुक्रमांक 0670042 का अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है।

**संजय कुमार पुत्र श्री श्यामपाल, निवासी वार्ड नं. 01 उसावां (बदायूं)।**



# डीएम-एसएसपी ने कछला गंगा घाट का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** सोमवती अमावस्या पर्व के अवसर पर कछला गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी बदायूं श्री अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं सुश्री अंकिता शर्मा ने रविवार को गंगा घाट का भ्रमण एवं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन से संबंधित तैयारियों को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जाए। घाट पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रहे और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जाए। साथ ही स्नान के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग कराया जाए तथा भीड़ बढ़ने की स्थिति में तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। घाट पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मी श्रद्धालुओं की सहायता के लिए सक्रिय रहें।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना उझानी प्रवीण कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को पर्व समाप्त होने तक निरंतर निगरानी बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

## शिविर लगाकर राहगीरों को बांटा शर्बत

**बिसौली।** मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा की ओर से नगर के रोडवेज बस स्टैंड पर शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। भीषण गर्मी में मीठा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद एवं चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। श्री अहमद ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा पानी व शर्बत देने से बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं है। चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों और राहगीरों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।

# हजरतपुर में झोलाछाप के इलाज से 12 साल के बालक की मौत

## परिजनों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** के हजरतपुर थाना क्षेत्र के बक्सेना गांव में रविवार सुबह 12 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप की ओर से ग्लूकोज की बोतल चढ़ाने के कुछ ही देर बाद बालक की हालत बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। घटना के बाद आरोपी झोलाछाप मौके से भाग गया।



गांव बक्सेना गांव निवासी रामदास का 12 वर्षीय पुत्र नन्हे को रविवार सुबह पेट दर्द और उल्टी आ रही थी। परिजन उसे गांव के ही एक झोलाछाप के पास ले गए। आरोप है कि झोलाछाप ने बालक को दवा देने के साथ बोतल चढ़ाई। बोतल लगते ही नन्हे के मुंह से झाग निकलने लगे और उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों के मुताबिक करीब 30 मिनट के भीतर ही बालक की मौत हो गई।

नन्हे अपने आठ भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद आरोपी क्लीनिक छोड़कर भाग गया। परिजनों ने हजरतपुर थाने में तहरीर देकर आरोपी झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### मोदी सरकार के 12 वर्षों में हर वर्ग के विकास को मिली नई गति: पाठक



**दातागंज।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड उसावां परिसर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डॉ. शैलेश पाठक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

मुख्य अतिथि डॉ. शैलेश पाठक ने मेले के दौरान गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उन्हें फलों की टोकरी भेंट की तथा नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मौजूद महिलाओं एवं परिवारों ने इस पहल की सराहना की। स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा और जनकल्याण के ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे और समाज के हर वर्ग का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविंद अग्निहोत्री, मंडल उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा, मंडल मंत्री शिवम पाण्डेय, अवधेश, सुभाष यादव, विनोद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

### बच्चे पढ़ें, आगे बढ़ें और राष्ट्र के लिए बनें उपयोगी



**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में कुष्ठ रोगियों को दैनिक उपयोग की सामग्री तथा एक दिन का तैयार भोजन वितरित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने कुष्ठ रोगियों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराईं और उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली।

स्काउट संस्था के आडिटर सुभाष मैथिल ने कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा कर उन्हें सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करना एक पुनीत कार्य है। जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार ने कहा कि स्काउट

संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज में मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं। समाजसेवी ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सबसे बड़ा सामाजिक धर्म है। सेवा के माध्यम से ही समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और सद्भाव की भावना विकसित होती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ रही है। संकल्पवद्ध है, उनके परिवार के बच्चे पढ़ें, आगे बढ़ें, समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें। भारत स्काउट एवं गाइड संस्था पिछले 38 वर्षों से अधिक समय से कुष्ठ रोगियों की नियमित सेवा कर रही है। संस्था की ओर से प्रत्येक माह नहाने एवं कपड़े धोने का साबुन, चायपत्ती, पट्टियां तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही दाल-चावल, रोटी-सब्जी सहित एक दिन का तैयार भोजन भी वितरित किया गया। इस मौके पर प्रेमपाल सिंह, डीओसी मु.असरार, ओपी शर्मा, नेत्रपाल आदि मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 15 लोगों ने किया रक्तदान

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हॉपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।



रक्तदान शिविर का शुभारंभ संस्था के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह ने स्वयं रक्तदान कर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं और स्वस्थ नागरिकों से आगे बढ़कर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. शिव कुमार के निर्देशन में आयोजित शिविर का संचालन पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुचेता यादव, ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। शिविर में कुल 20 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें 15 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में जेसीआई नेशनल ट्रेनर सुधांशु गुप्ता, संजय कुमार, नितिन कुमार, सनी वाष्णेय, योगेश कुमार सिंह, राव रंजीत संतराम सहित अन्य जागरूक नागरिक शामिल रहे।

# कौल्हाई में आयोजित रात्रि चौपाल में विधायक हरीश शाक्य ने सुनीं जनसमस्याएं

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान/बदायूं।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समेकित जन कल्याण जागरूकता अभियान के तहत सहसवान ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोल्हाई में शनिवार रात 8 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बदायूं सदर विधायक हरीश शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अपने कार्यकाल में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने और समाधान करने का कार्य कर रही है।

चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी शिविर लगाए गए, जिनमें स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम, मिशन शक्ति केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, पूर्ति विभाग, विद्युत विभाग और कृषि विभाग के स्टॉल प्रमुख रहे। ग्रामीणों ने शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं और योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

सहसवान के तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी सतीश चंद सैनी ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक हरीश शाक्य ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक द्वारा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपकर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य झंडू भैया, उदयवीर दिवाकर, सतवीर सिंह, भगवानदास शाक्य, सुनील शाक्य, ग्राम प्रधान मीना देवी, एडीओ पंचायत बीके मौर्य, ग्राम सचिव अजयपाल सिंह, हल्का लेखपाल सतपाल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम, प्रधान पति पप्पू शाक्य, लालसहाय शाक्य, डॉ. सोहनलाल, मुनीश शाक्य, पंकज शाक्य, रामेश्वर शाक्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे हस्ताक्षर अभियान में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** ग्रेट निकोबार को बचाने और कथित कॉरपोरेट लूट के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी बदायूं के तत्वावधान में मोहल्ला सोथा कबूलपुरा रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर हस्ताक्षर किए और पर्यावरण संरक्षण एवं जनजातीय अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुनीता सिंह विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर ओमकार सिंह ने कहा कि ग्रेट निकोबार क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा और वहां वर्षों से रह रही जनजातीय आबादी के हितों की रक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जनहित के मुद्दों को उठाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा बनकर अपनी आवाज बुलंद करें। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर ने कहा कि ग्रेट निकोबार का क्षेत्र प्राकृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पर्यावरण और स्थानीय लोगों के अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आमजन से अभियान में जुड़कर सहयोग करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि सुनीता सिंह ने कहा कि ग्रेट निकोबार में रहने वाली जनजातियों के अधिकारों और उनके भविष्य की चिंता करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वसीम अली खान, मीडिया प्रभारी नदीम उद्दीन, बन्ने खां आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने 9 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना कादरचौक पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश तथा क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण में थाना कादरचौक पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित कुल 9 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में ओमकार पुत्र चन्द्रपाल निवासी खितौलिया, मोहनलाल पुत्र कल्याण निवासी ततारपुर, कुलदीप कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी बरारी, अरब सिंह पुत्र राजाराम निवासी रोजपुर नरायनपुर, खुब सिंह पुत्र मनोहर सिंह निवासी बोदरी, ललित सिंह पुत्र गणपत निवासी मौसमपुर पट्टी, रामप्रकाश पुत्र हुलासी निवासी शिवाया हामिदपुर, कल्लू उर्फ कल्याण पुत्र प्रसादी निवासी बालचिराय तथा विजयपाल पुत्र राजाराम निवासी सुखाय शामिल हैं।

इन सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता तथा विद्युत अधिनियम से संबंधित विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक राजदीप सिंह, हरिओम सिंह, सुरेन्द्र सिंह, श्री राकेश कुमार वर्मा सहित थाना कादरचौक के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना कादरचौक पुलिस द्वारा जनपद में अपराधियों एवं वारंटियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर जनकल्याण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून 2026 से 21 जून 2026 तक प्रदेश में चलाए जा रहे समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड सालारपुर में 14 जून से 16 जून 2026 तक जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।




शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। मेले में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, मनरेगा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, फैमिली आईडी, कृषि विभाग, बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग सहित अन्य विभागों ने सहभागिता की। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों को संचालित योजनाओं, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होना देश के विकास, सुशासन, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए कार्यों का महत्वपूर्ण पड़ाव है। पिछले वर्षों में आधारभूत ढांचे के विकास, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण योजनाओं, किसानों के सशक्तिकरण, महिलाओं के उत्थान और युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। भारत आज विश्व पटल पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में भी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। इसके लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि सभी लोग विकास की इस यात्रा में सहभागी बनें और योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में प्रमुख पति सालारपुर अनेकपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नितिन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग के महाराज सिंह ने किया।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कादरचौक पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कादरचौक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक राजदीप सिंह मय पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को बिचौला जाने वाले मार्ग पर तिराहे के पास कच्चे रास्ते से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आस मोहम्मद पुत्र शेर मोहम्मद (38 वर्ष), निवासी ग्राम भमुईया, थाना कादरचौक, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना कादरचौक में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजदीप सिंह, हेड कांस्टेबल ओमकार सिंह तथा हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शस्त्रों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा

## संपादकीय

# दक्षिण की फिल्में कहानी से शुरू होती हैं, बॉलीवुड स्टार से शुरू होता है



जब कोई फिल्म अपनी मिट्टी की गहराइयों से जन्म लेती है, तब वह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह जाती, वह अपने समय और समाज का जीवंत महाकाव्य बन जाती है। दक्षिण भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सामर्थ्य यही है कि वह कहानी को केंद्र में रखता है। वहां पहले कथा जन्म लेती है और फिर उसी कथा के भीतर से नायक उभरता है। किरदार मिट्टी से निकलते हैं, उनकी धड़कनों में लोकजीवन की लय बसती है और उनकी आंखों में पीढ़ियों के सुख-दु:ख झलकते हैं। वहीं बॉलीवुड की शुरुआत आजकल स्टार से होती है- पहले चेहरा तय, फिर उसके एंट्री शॉट्स, उसके कपड़े, उसके डायलॉग और अंत में व्यक्तित्व के अनुरूप कथानक गढ़ा जाता है। नतीजा यह कि साउथ की फिल्में दिल की गहराई तक उतर जाती हैं, जबकि बॉलीवुड की फिल्में सतह पर चमककर रह जाती हैं।

साउथ का गांव जब पर्दे पर बोलता है, तो उसकी आवाज में सदियों की स्मृति, आस्था और संघर्ष की गूंज सुनाई देती है। 'कांतारा', 'पेड्डी', 'पुष्पा' या 'जेलर' जैसी फिल्मों में गांव केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि एक सजीव, सांस लेता हुआ चरित्र है। वहां की मिट्टी की महक, लोकदेवताओं में विश्वास, परंपराओं की शक्ति और आम आदमी का संघर्ष- सब दर्शक की रगों में उतर जाता है। दर्शक महसूस करता है कि वह फिल्म नहीं देख रहा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक आत्मा को पुन: खोज रहा है। इसके उलट बॉलीवुड का शहर रोशनी से भरा होकर भी भीतर से खाली लगता हैय वहां चमक है, पर संवेदना नहींक- चेहरे दिखते हैं, पर किरदार दिल में नहीं बसते।

सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि बॉलीवुड स्वयं अब इस सच्चाई को स्वीकार करने लगा है। वह दक्षिण की मूल कहानियों को हिंदी में डब करके या रीमेक बनाकर पेश कर रहा है और वे फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हो रही हैं। 'दृश्यम', 'जेलर' और 'केजीएफ' जैसी फिल्में हिंदी डब्ड वर्जन में जबरदस्त सफलता पा चुकी हैं। बॉलीवुड की अनेक बड़े स्टार स्टूडियो अब साउथ की पटकथाओं पर निर्भर हो गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी मिट्टी से कहानियाँ निकालने की कला लगभग खो चुकी है। वे स्टार की चमक से चमकाने की कोशिश करते हैं, पर असली जादू तो दक्षिण की कहानी में ही है।

यह अंतर केवल निर्देशन, तकनीक या पटकथा का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टि का अंतर है। दक्षिण का फिल्मकार अभी भी अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह जानता है कि असली नायक कहानी है, संघर्ष है, समाज की सामूहिक स्मृति है। इसलिए वह स्टार को किरदार में घुलने देता है, स्टार को किरदार पर हावी नहीं होने देता। यही वजह है कि राम चरण 'पेड्डी' में एक साधारण देहाती योद्धा बनकर भी पूरे देश का दिल जीत लेता है। वह अपनी जड़ों को नहीं छोड़ता, जड़ें उसे उड़ान देती हैं। इसके विपरीत बॉलीवुड का स्टार जड़ों को काटकर उड़ान भरने की कोशिश करता है, इसलिए उसकी उड़ान छोटी, दिखावटी और जल्दी थक जाने वाली साबित होती है। दक्षिण भारतीय फिलमों की कहानियां समय की गहराइयों में उतरती हैं। वे लोककथाओं, पुराणों, क्षेत्रीय इतिहास और समकालीन यथार्थ को एक सूत्र में पिरो देती हैं। उनके एक-एक फ्रेम में संस्कृति की सांस सुनाई देती है, परंपरा का स्पर्श महसूस होता है और मानवीय संवेदनाओं की आंच दिखाई देती है। फिल्म समाप्त होने के बाद भी उसके पात्र और प्रसंग दर्शक के भीतर जीवित रहते हैं।

**लेखक: प्रो. आरके जैन अरिजीत**

**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# सोमवती अमावस्या: श्रद्धा, विश्वास और लोक जीवन की आस्था का महापर्व

भारतीय संस्कृति में तिथि, पर्व और उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, बल्कि वे समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण पर्वों में सोमवती अमावस्या का विशेष स्थान है। जब अमावस्या तिथि सोमवार के दिन पड़ती है, तब उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। वर्ष 2026 में यह पावन अवसर 15 जून को मनाया जा रहा है। इस दिन अमावस्या, सोमवार, पितृ स्मरण, शिव आराधना तथा दान-पुण्ग य का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

सोमवती अमावस्या का लोकजीवन में बहुत बड़ी अहमियत है। श्रद्धा और विश्वास के साथ जुड़ी यह तिथि लोगों के उल्लास, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं तथा दान-पुण्य के माध्यम से समाज और धर्म के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हैं।

सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों के स्मरण और तर्पण का दिन माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण, श्राद्ध और दान से पितृ प्रसन्न होते हैं तथा अपने वंशजों को सुख, समृद्धि और उन्नति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। जब यही अमावस्या सोमवार को आती है, तब इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि सोमवार भगवान शिव की उपासना का विशेष दिन माना गया है। इस प्रकार सोमवती अमावस्या पितृ पूजा और शिव भक्ति का अनूठा संगम बन जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन प्रात:काल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने का विशेष महत्व है। यदि गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान का अवसर प्राप्त हो जाए तो इसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। जो लोग तीर्थस्थलों तक नहीं पहुंच पाते, वे घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करते हैं। स्नान के पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं तथा सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की जाती है।

सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा का भी विशेष महत्व है। भारतीय परंपरा में पीपल को देववृक्ष माना गया है। मान्यता है कि इसमें देवताओं का वास होता है। महिलाएं और पुरुष पीपल के वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करते हैं तथा परिवार के सुख, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। यह परंपरा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का भी संदेश देती है। भारतीय संस्कृति ने वृक्षों को पूजनीय बनाकर पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी बढ़ावा दिया है।

लोकजीवन में सोमवती अमावस्या केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का भी पर्व है। इस दिन दान-पुण्य करने की परंपरा लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करती है। अन्न, वस्त्र, फल, मिठाई, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करके लोग समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इससे सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

भारत के विभिन्न राज्यों में सोमवती अमावस्या को अलग-अलग परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। कहीं विशाल मेले लगते हैं तो कहीं धार्मिक यात्राएं निकाली जाती हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। परिवार के सदस्य एक साथ पूजा करते हैं और धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं। इससे पारिवारिक एकता और सामाजिक जुड़ाव को भी बल मिलता है।

महिलाओं के लिए भी सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है। अनेक महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की दीर्घायु के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं। धार्मिक विश्वास है कि श्रद्धा और भक्ति से किया गया व्रत जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मंगलकारी फल प्रदान करता है।

वर्ष 2026 की सोमवती अमावस्या को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इस दिन कई शुभ संयोग एक साथ बन रहे हैं। सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या, ज्येष्ठ अधिक मास का समापन और मिथुन संक्रांति जैसे योग इस दिन के धार्मिक महत्व को और अधिक बढ़ा रहे हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी इसे पुण्यकारी अवसर माना जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक प्राप्त होता है।

सोमवती अमावस्या हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जहां लोग अपनी परंपराओं और मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, वहीं ऐसे पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। पितरों का स्मरण केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि अपनी विरासत, परिवार और संस्कारों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है।

आज के समय में जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा जीवन का प्रमुख हिस्सा बनती जा रही है, तब सोमवती अमावस्या जैसे पर्व हमें आध्यात्मिकता, सेवा, दया और परोपकार का संदेश देते हैं।



**लेखक: कांतिलाल मांडोत**

# गावस्कर ने भारतीय टीम के रवैये का सराहा

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित पहले वनडे में अफगानिस्तान के खिलाफमुश्किल लक्ष्य को आसानी से हासिल करने के बाद भारत के टीम को प्राथमिकता देने के रवैए की प्रशंसा करते हुए कहा कि बल्लेबाजों ने मुकाबले को बेहद आसान बना दिया। बारिश से प्रभावित इस मैच को 25 ओवर का कर दिया गया था जिसे भारत ने सात विकेट से जीत कर तीन मैचों की सीरीज 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।



गावस्कर ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय केएल राहुल ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे पता चलता है कि खिलाड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों के बजाय सामूहिक सफलता पर विश्वास करते हैं। गावस्कर ने कहा, जिया उर रहमान ने अपने अंतिम ओवर से पहले तीन ओवरों में सिर्फ 19 रन दिए थे। राहुल ने उस ओवर में 20 रन बनाए। तब शुभमन गिल को शतक पूरा करने के लिए 21 रन की जरूरत थी और टीम को जीत के लिए लगभग 30 रन चाहिए थे। ऐसे में राहुल ने मोर्चा संभाला। इससे पता चलता है कि खिलाड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम को अधिक महत्व देते हैं। यह इससे जुड़ा है कि प्रत्येक खिलाड़ी टीम के लिए क्या कर सकता है। 23वें ओवर में मैच जीतने से पता चलता है कि कितनी अच्छी तरह से लक्ष्य का पीछा किया गया। यह आसान लक्ष्य नहीं था लेकिन उन्होंने इसे आसान बना दिया क्योंकि उन्होंने टीम को प्राथमिकता दी।

भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। शनिवार को धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में बारिश ने खलल डाली थी, जिसकी वजह से मैच शुरू होने में देरी हुई। अंपायर्स ने ओवरों में कटौती के बाद मैच 25-25 ओवर कराने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने रहमानुल्लाह गुरबाज की शतकीय पारी की मदद से 24.5 ओवर में 10 विकेट पर 194 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 22.5 ओवर में तीन विकेट पर 195 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया के लिए शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेली। वह 66 गेंदों में 84 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, केएल राहुल भी 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 39 रनों की नाबाद पारी खेलने में कामयाब हुए।

# विवादों में फंसे बेन स्टोक्स को मिला पूर्व स्पिनर का साथ

**नई दिल्ली।** नाइटक्लब मामले में फंसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स पर इस समय चारों तरफ से हमला हो रहा है। उनकी कप्तानी पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस बीच इंग्लैंड के पूर्व ऑफ स्पिनर ग्रीम स्वान ने स्टोक्स का समर्थन किया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के फैसले की आलोचना की है। न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में जीत हासिल करने के बाद स्टोक्स और टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन नाइट क्लब गए थे जहां उनका झगड़ा भी हो गया था। इसके बाद दोनों को ही दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है।

स्टोक्स और एटकिंसन ने ईसीबी द्वारा लगाए गए कर्फ्यू का उल्लंघन किया था। इसी कारण उन पर कार्रवाई की गई है। स्वान ने इस कर्फ्यू का भी विरोध किया है। स्वान ने कहा, इस मामले पर मेरे मिश्रित विचार हैं। मैं पूर्व खिलाड़ी हूं और मैं इस बात पर कभी भी सहमत नहीं होऊंगा कि कर्फ्यू अच्छी चीज है। ये बेहुदगी वाली बात है कि उन्होंने कर्फ्यू लगाया। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया क्योंकि वह दूसरे लोगों के सामने एक अच्छी छवि बनाना चाहते हैं। ये अच्छा पीआर है। ये काम नहीं करेगा। मुझे लगता है कि ईसीबी इससे सबक सीखेगा। हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। हमें इस बारे में बैठकर बात करनी चाहिए। टेस्ट मैच जीतने के बाद रात में कर्फ्यू लगा देना, जिस दिन आप जीते हो उस दिन जश्न मनाने से रोकना, ये काले दिन के समान है।

## गाजियाबाद विविध

# नेशनल इंस्टीट्यूट से नगर निगम के बीच साइन हुआ एमओयू

**गाजियाबाद ।** जनपद की जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों की प्रति अधिक सक्षम सुरक्षित और टिकाऊ शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिसमें राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान ( एनआईयूए) और गाजियाबाद नगर निगम के बीच हिट रेजिलिएट सिटी परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा एनआईयूए की डायरेक्टर द्वारा एमओयू सिग्नेचर किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि देश के चुनिंदा 12 शहरों में गाजियाबाद को हीट




रेजिलिएंट सिटी परियोजना के लिए चुना गया है जिसके लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गाजियाबाद नगर निगम को 5 करोड़ रुपए भी मिलेंगे, शहर में गर्मी के ताप को कम करने, गर्मी से बचाव एवं अनुकूलन संबंधित परियोजनाओं को लागू करने का कार्य किया जा सकेगा, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा दीर्घकालिक हिट रेजिलिएट सिटी फेमवर्क एवं कार्य योजना तैयार की जाएगी। दस्तावेज भविष्य में शहर के विकास योजनाओं और जलवायु परिवर्तन एवं गर्मी से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखते हुए नीति और परियोजनाओं की क्रियान्वयन में मार्गदर्शन की भूमिका निभाएगा, शहर में गैर सरकारी संस्थाओं तथा सरकारी संस्थाओं व अन्य समुदायों की भागीदारी भी रहेगी, 15 माह परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर लाने का समय दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित जनों को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। स्थाई प्याऊ तथा अस्थाई प्याऊ के साथ-साथ गर्मी से बचाव हेतु बनाए गए कॉलिंग रूम के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# देसी गायों के दूध से तैयार उत्पाद बढ़ाएंगे सेना की प्रतिरोधक क्षमता

**गाजियाबाद/नोएडा।** एक विशेष भेंटवार्ता में सकॉयर डेयरी उत्पाद कंपनी के संस्थापक एवं अध्यक्ष एसएन द्विवेदी ने अवगत करवाया कि उनकी कंपनी जो कि वर्तमान में नोएडा में कार्यरत है, मात्र 3 साल पहले अस्तित्व में आई। परंतु अपने विशिष्ट गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पादक के कारण कंपनी ने ऐसी सफलता हासिल की है जो इतने अल्प समय में हासिल करना वास्तव में कठिन है । उन्होंने बताया कि उनके इस अपार सफलता का एकमात्र कारण है सर्वसाधारण में उनके समस्त उत्पादों के प्रति अटूट भरोसा । जो कोई उनकी कंपनी द्वारा बनाए गए किसी भी उत्पाद को एक बार चख लेता है वह इसके स्वाद तथा उसकी गुणवत्ता का कायल हो जाता है। श्री द्विवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण अब राष्ट्रशक्ति, सैनिक सामर्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला नया मॉडल बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कुशल प्रबंधन से प्रदेश की देसी नस्ल की गायों का दूध अब भारतीय सेना के जवानों की ताकत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डेनमार्क और आइसलैंड की अत्याधुनिक डेयरी तकनीक से तैयार किया गया है।

# योग एवं वृक्षारोपण से स्वस्थ, समर्थ और संस्कारित भारत के निर्माण का संकल्प

**गाजियाबाद।** भारत विकास परिषद, गाजियाबाद (मुख्य शाखा) के स्थायी सेवा प्रकल्प के अंतर्गत अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान (पंजी.) के तत्वावधान में सेक्टर-4 स्थित औषधि पार्क, राजनगर में 12वें नि:शुल्क दैनिक योगाभ्यास शिविर के वार्षिकोत्सव एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन विकास रत्न डा. आर.के. पोद्दार एवं डा. मधु पोद्दार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के अध्यक्ष अभिषेक सिंघल,



शाखा सचिव सीए संजीव अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष नवीन प्रकाश गुप्ता, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक संयोजक सतेंद्र सिंह, योग संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा, महासचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक शास्त्री सहित बड़ी संख्या में योग साधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अभिषेक सिंघल ने कहा कि परिषद का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना भी है। योग एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। योग संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से निरंतर संचालित यह नि:शुल्क योग शिविर समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। डा. मधु पोद्दार ने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करता है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आज की आवश्यकता है। डा. आरके पोद्दार ने कहा कि योग और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध वायु और संतुलित जीवनशैली दोनों आवश्यक हैं। इसलिए योग के साथ-साथ वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को भी जनआंदोलन बनाना होगा।योग साधक एवं नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है। एक तरफमोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल की बधाई दी ओर दूसरी तरफ योग साधना के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी जिसका श्रेय उन्होंने डॉक्टर मधु पोद्दार, राज रानी एवं देवेंद्र बिष्ट को दिया। उन्होंने बताया योग और वृक्षारोपण दोनों ही स्वस्थ भारत के आधार हैं। उन्होंने उपस्थित जनों से प्रतिदिन योग करने तथा कम से कम एक वृक्ष लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य योग शिक्षक एवं योग साधक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति निरोगी, ऊर्जावान एवं आत्मविश्वासी बनता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी योग साधकों एवं नागरिकों ने स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया। आयोजकों ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं सुधा शर्मा, बीना चौधरी, नवीन अग्रवाल, के के गुप्ता सरदार जोगिंद्र सिंह, महेंद्र यादव ,सुभाष बंसल, बीआर पाल बृजेश अग्रवाल, रणवीर सिरोही, प्रवीण चांदना जयवीर सिंह यादव ओ पी सिंह डॉक्टर रोहित बंसल, सुधा अरोड़ा, डॉक्टर अग्रवाल जेपी राजोरा ,गीता अरोड़ा, अनीता शर्मा, आर के शर्मा, प्रेम यादव, योगेश कुमार, अनीता, प्रभाकर त्यागी आदि का आभार व्यक्त किया।

# जनता जागरुक समिति कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चन्दौसी। नगर के जाराई गेट स्थित जनता जागरुक समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन रविवार दोपहर करीब 3 बजे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता एवं समाजसेवी रोमिल वार्ष्णेय बिट्टू ने फीता काटकर किया।



उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा कि जनता जागरुक समिति महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के उत्थान एवं कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समिति द्वारा सिलाई-कढ़ाई सहित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे वे स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं।

संस्था द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवाने तथा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने तथा अभिभावकों को जागरूक करने का कार्य भी संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान: डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर, पुरुषोत्तम माह में रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन द्वारा डॉ. सचिन सक्सेना मेमोरियल ब्लड बैंक, सम्भल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ प्रशांत वार्ष्णेय ने किया, और बताया शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना है। इस शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर रोटेरियन गौरव वार्ष्णेय, रोटेरियन अमित गुप्ता, रोटेरियन अमन वार्ष्णेय, रोटेरियन पंकज ठाकुर, रोटेरियन पराग आर्य, रोटेरियन शिवांश अग्रवाल, इंजीनियर मुजक्किर राठौर ने रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा इससे किसी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती। एक यूनिट रक्त कई मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भूमिका समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर क्लब सदस्य सुमित वार्ष्णेय के अब तक 45 बार रक्तदान करने की सराहना की गई। इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय उदाहरण बताया गया। कार्यक्रम में, डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय, डॉ ऋतु सक्सेना, क्रिटी गंभीर, अवधेश वार्ष्णेय, सुमित अग्रवाल, प्रिय रत्न आर्य, टिंकू टंडन, आलोक गुप्ता, प्रभात रस्तोगी, प्रियांशु वार्ष्णेय, मनीष अग्रवाल, विशाल मोंगिया आदि सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर प्रेस वार्ता आयोजित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** रविवार को भाजपा कार्यालय एकता विहार स्थित पर मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी चंदौसी जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह राजेश सिंगल मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तोगी उपस्थित रहे इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने मोदी सरकार का गुणगान करते हुए बताया कि भाजपा सरकार को 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं इस उपलक्ष में मोदी सरकार ने पहले से भी बड़ा बहुमत देकर उस पर मोहर लगाई है और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफकर दिया कि देश सिर्फवादे नहीं बल्कि काम देखता है मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र को सिर्फएक नारा नहीं रहने दिया बल्कि एक जन आंदोलन बना दिया सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि परियोजना का 100: लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे किसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाता खोले जिसमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुक्त राशन दिया जा रहा है वर्ष 2014 में देश में कुल 91 287 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे आज यह नेटवर्क लगभग 1.40 लाख किलोमीटर से अधिक हो गया है इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# देवर खेड़ा के पास मवेशी से टकराकर चूरन विक्रेता घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चन्दौसी-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव देवर खेड़ा के पास रविवार दोपहर करीब दो बजे सड़क हादसा हो गया। मुरादाबाद निवासी 48 वर्षीय बृजपाल शर्मा मोटरसाइकिल से चन्दौसी की ओर चूरन बेचने जा रहे थे।



इसी दौरान सड़क पार कर रहे एक मवेशी से बचने का प्रयास करते समय उनकी बाइक मवेशी से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायल की सहायता में जुट गए। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल बृजपाल शर्मा को ई-रिक्शा से पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर लोगों की भीड़ जुटी रही। घायल की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। जबकि इसी से मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

## सार-संक्षेप

### उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा आज जनपद सम्भल के 06 परीक्षा केन्द्रों पर प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। जनपद के कुल 06 परीक्षा केन्द्रों पर 2,656 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 911 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र एम.जी.एम. कॉलेज, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 158 उपस्थित तथा 322 अनुपस्थित रहे।

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, चमन सराय, सम्भल में कुल 384 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 122 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 262 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहरलाल मेमोरियल कॉलेज, सिरसी में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 171 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 309 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हिन्द इंटर कॉलेज, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 160 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 320 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय, हयातनगर, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 172 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 308 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जे.डी.यू. इंटर कॉलेज, सराय तरीन, सम्भल में कुल 352 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 128 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 224 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी गई तथा आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया।

### केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**धौलपुर।** 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग के माननीय मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराती है, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापकता एवं प्रभावशीलता को समझने का अवसर प्रदान करती है। प्रदर्शनी के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि सरकार की विभिन्न योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं तथा राज्य सरकार की जनहितकारी पहल, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों तथा विकास परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, रोजगार संवर्धन तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से संबंधित उपलब्धियों को भी प्रमुखता से दर्शाया गया। उन्होंने प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आमजन एवं प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने तथा विकास यात्रा को समझने का प्रभावी माध्यम हैं।

# जिला अध्यक्ष की दिवंगत मां को समर्पित श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष कुमार शर्मा की शतवर्षीय माता के दिवंगत होने पर उनके निवास दुर्गा कॉलोनी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्थाओं ने दिवंगत आत्मा को चरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रभु से सामूहिक प्रार्थना की। भारतीय इतिहास संकलन समिति, हिंदू जागृति मंच, गायत्री परिवार, श्री कल्कि सेना, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, केमिस्ट एसोसिएशन, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, ब्राह्मण शक्ति संघ, विश्व हिंदू परिषद, नगर हिंदू सभा, जिला बार एसोसिएशन, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर पालिका परिषद, भारत विकास परिषद, मेंथा एसोसिएशन, भगत जी इंटरनेशनल स्कूल, दिव्य गंगा मिशन, सर्व ब्राह्मण सभा, सवर्ण एकता मंच, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम, संस्कार भारती, श्री महाकाल सेवा परिवार, महिला ब्राह्मण सभा, नारी उत्थान समिति, आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाबी संगठन उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश, ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन, राधा कृष्ण सेवा मंडल, राष्ट्रीय पुरोहित परिषद, विनायक ज्योतिष केंद्र, भारतीय जनता युवा मोर्चा, स्पर्शी पत्रिका प्रकाशन समिति, जिला सीनियर बार एसोसिएशन, गायत्री सेवा आश्रम, सर्व ब्राह्मण राष्ट्रीय महासभा, मानव अधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल संघ, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक सभा में उपस्थित होकर दिवंगत कमला देवी शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवस्था में परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की सामूहिक प्रार्थना की गई। अंत में सामूहिक रूप से शांति पाठ का गायन किया गया। अध्यक्षता भारतीय इतिहास संकलन समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार रुस्तगी ने की तथा संचालन जिला कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने किया।



# बच्चो के विवाद में दो पक्षो में झगड़ा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**धौलपुर।** किसी आम विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान एक युवक पर लोहे के पाइप से हमला किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल युवक को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



एएसआई श्याम सुंदर शर्मा ने बताया- झगड़े में घायल सोनू (20) पुत्र कल्ला कुरैशी घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सोनू ने बताया-शनिवार शाम बच्चों के बीच खेलने के दौरान विवाद हुआ था, जिसके बाद लोगो की समझाइश पर मामला शांत हो गया था। रविवार को सुबह करीब 10 बजे आरोपी पक्ष के वसीम, आमीन, समीर और अन्य ने आकर सीधे उन पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में मेरे सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिन्होंने मामले को शांत कराया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। सोनू ने बताया कि आरोपी उनके पड़ोसी हैं। एएसआई श्याम सुंदर शर्मा ने बताया- पुलिस टीम ने घटना स्थल का मुआयना किया और अस्पताल पहुंचकर घायल सोनू से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौका पर्चा भी बनाया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रख-रखाव और स्वच्छता के दिए कड़े निर्देश: जिलाधिकारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जनपद में हरियाली को बढ़ावा देने और पौधरोपण अभियान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी फिरोजाबाद द्वारा क्षेत्र की प्रमुख नर्सरियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पौधों की गुणवत्ता, स्वच्छता और नर्सरियों के रख-रखाव की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।भूड़ापुल स्थित नर्सरी का भ्रमण: जिलाधिकारी ने भूड़ापुल स्थित नर्सरी का विस्तृत भ्रमण किया। वहाँ उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधों, जैसे- गुटेल, आम, जामुन, अनार आदि का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सागौन की कटिंग सहित आम, अमरूद, अनार एवं अन्य पौधों की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पौधों की देखरेख और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें ताकि जनपद में पौधरोपण के लक्ष्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से हासिल किया जा सके।



# विश्वास एवं जनकल्याण की उपलब्धियों के परिप्रेक्ष्य में की प्रेसवार्ता

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**धौलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के विकास, विश्वास एवं जनकल्याण की उपलब्धियों के परिप्रेक्ष्य में जल संसाधन एवं जल संसाधन विभाग के माननीय मंत्री मंत्री सुरेश सिंह रावत ने जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के इतिहास में सेवा, सुशासन, विकास और जनकल्याण के स्वर्णिम कालखंड के रूप में दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह अवधि केवल सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की कहानी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4,399 दिनों तक लगातार देश की सेवा कर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक निरंतर कार्य करने का रिकॉर्ड स्थापित किया है। यह उपलब्धि देशवासियों के विश्वास, जनभागीदारी और लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान अर्थव्यवस्था यूपीआई में भारत अग्रणी है। वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन का लगभग 85 प्रतिशत और रीयल टाईम डिजिटल भुगतान में विश्व का लगभग आधा हिस्सा है। आज का युवा नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनने की दिशा में अग्रसर है। 4 लाख 30 हजार करोड़ की पीएम किसान सम्मान निधि सीधे खातों में हस्तांतरण की है। 4 करोड़ किसानों को 2 लाख करोड़ रूपये का फसल बीमा किया गया है।



स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि एमएसपी दर पर 26 लाख करोड़ रूपये की फसल खरीद की गई। 8 करोड़ किसानों को किसान क्रडिट कार्ड दिए गए। खाद्यान्न एवं दुग्ध उत्पादन में लगभग 70 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऐतिहासिक वृद्धि हुई। कृषि के क्षेत्र में ड्रोन, डिजिटल प्लेटफार्म एवं तकनीकी का विस्तार हुआ। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सम्मान, सुरक्षा और नेतृत्व में कहा कि 32 करोड़ महिलाओं के जनधन खाते खोले गए। 3 करोड़ लखपति दीदी को लाभ दिया गया।

10 करोड़ ग्रामीण महिलाऐं 91 लाख सेल्फहेल्प ग्रुप के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना में 4 करोड़ 50 लाख से ज्यादा खाते खोले गए। उज्जवला योजना में करोड़ों महिलाओं को धुएँ से मुक्ति मिली। लखपति दीदी अभियान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वावलम्बन बनाया। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गो को भी 5 लाख रूपये का मुफ्त उपचार किया गया। 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड से सुरक्षा दी गई। मध्यम वर्ग के लोगों के लिए इनकम टैक्स की सीमा 2.5 लाख से सीधे 12 लाख 75 हजार तक बढ़ाई गई। उड़ान योजना के तहत 1.6 करोड़ यात्रियों को किफायती हवाई यात्रा कराई गई। एमबीबीएस सीटों की संख्या 151 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.3 लाख की गई। आवास, शिक्षा और उद्यमिता के नए अवसर प्रदान किए गए। रेल्वे स्टेशनों का कायाकल्प किया गया। 164 वन्दे भारत ट्रेने दौड़ रही।

# जिलाधिकारी ने किया संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** शासन के मंशानुरूप आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं को परखा और वहां भर्ती मरीजों तथा उनके तीमारदारों से बातचीत कर चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी द्वारा आपातकालीन वार्ड, एन.आर.सी. एस.एस.एन.सी.यू. सिजेरियन वार्ड, सामान्य प्रसव वार्ड, आयुष्मान वार्ड, डेंगू वार्ड तथा जनरल वार्ड का सघन निरीक्षण किया गया। वार्डों में भर्ती मरीजों से जिलाधिकारी ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहे इलाज व व्यवहार के संबंध में जानकारी ली। सभी मरीजों द्वारा चिकित्सालय की सेवाओं के प्रति संतोषजनक फीडबैक दिया गया जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने चिकित्सालय परिसर और वार्डों में उच्च स्तरीय साफ-सफाई बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीजों के बेड की चादरें प्रतिदिन अनिवार्य रूप से बदली जाएं।निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद दो पुरुष मरीजों से जिलाधिकारी ने बातचीत की, जिनमें से एक मरीज के चार बच्चे तथा दूसरे मरीज के सात बच्चे थे। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उन्होंने दोनों को परिवार नियोजन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर सनातन प्रतिभा फाउंडेशन ने किया रक्तदान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय, अलीगढ़ में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन (मेरी संस्कृति, मेरी पहचान) के सनातनी योद्धाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मानवता की सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में संस्था के सनातनी योद्धाओं द्वारा कुल 7 यूनिट रक्तदान किया गया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि संस्था के संस्थापक अभिषेक सक्सैना सनातनी वर्ष 2011 से नियमित रूप से रक्तदान कर रहे हैं। मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में अपना 57 वाँ रक्तदान किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। स्वस्थ व्यक्तियों को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को मनाया जाता है। यह दिवस नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, इस दिवस का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। संस्था ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान अभियान से जुड़ने तथा मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। संस्था का मानना है कि प्रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर संस्था के संस्थापक अभिषेक सक्सैना सनातनी, उपाध्यक्ष साक्षी सक्सैना, उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, सचिव आशु सिंघल, उप सचिव अंकित वार्ष्णेय, व्यवस्था प्रमुख अमित राठी, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सक्सैना, अर्चना शर्मा, सोनिया, राहुल वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

# महान फिल्म अभिनेता स्व. भारत भूषण जी की 107 वीं जंयती मनाई



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महान फिल्म अभिनेता स्व. भारत भूषण जी की 107 वीं जंयती स्वर साधना संस्था द्वारा संस्थापक अध्यक्ष अनिल वर्मा की अध्यक्षता में क्वारसी एटा बाईपास स्थित स्व. भारत भूषण जी अभिनीत फिल्मो के अमर गीतों द्वारा गीतों भरी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्व. भारत भूषण जी के चित्र पर मुख्य अतिथि एमएलसी रामसूरत राजभर जी के मंडल अलीगढ़ प्रतिनिधि एवं अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री वी के सैनी एवं कारागार बंदी सुधार न्यास के पवन गाँधी व संस्था अध्यक्ष अनिल वर्मा, अनिल बघेल, रिंकू मनोज शर्मा ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय भारत भूषण के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को अलीगढ़ के उभरते गायक विपुल कुमार सिंह ने तकदीर फिल्म के गीत ष्जब जब बहार आई और फूल मुस्कराये मुझे तुम याद आयें से किया। अभिनेता व गायक सरफराज खान ने ''तुम बिन जाँऊ कहाँ गीत प्रस्तुत किया। गायक अनिल वर्मा ने आ लोट के आ जा मेरे मीत, तथा ओ दुनिया के रखवाले, तू गंगा की मौज में आदि कालजयी गीत गाकर अमर गीतो भरी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में वी के सेनी, पवन गाँधी, अनिल वर्मा ने सरफराज खान को वेस्ट अभिनेता तथा विपुल कुमार सिंह को वेस्ट सिंगर का अवार्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भानुप्रकाश सैनी, नेत्रपाल सैनी, मास्टर विनोद कुमार, सागर सैनी, विमल सैनी अंजलि सैनी आदि उपस्थित रहे।

# महिला पर फायरिंग करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचे



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** रोरावर थाना क्षेत्र नीवरी में एक महिला पर बाइक सवार अज्ञात नकाब पॉश बदमाशों द्वारा गोली मारने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस लाइन स्थित मीटिग हॉल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी आदित्य बंसल ने बताया कि रोरावर क्षेत्र के नीवरी मोड़ स्थित सद्दाम स्कूल के पास रहने वाली 6 जून 2026 शनिवार को वह दोपहर में खाना खाने घर आई थीं। दोपहर दो बजे जब वह कारखाने जाने के लिए घर से निकलीं, तभी बुलेट बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक वहां पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। तभी पुलिस से हमलावरों की तलाश में जुटी हुई थी। उन्होने बताया कि रोरावर थाना पुलिस ने इस वारदात का खुलासा करते हुए ग्राम अमरौली, थाना जवां निवासी जुनैद पुत्र मुबीन और दिलशेर पुत्र भोले खां निवासी आशिफबाग थाना रोरावर अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### फर्जी क्यू आर कोड और स्कैनर से वसूली के प्रयासों से रहें सावधान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को विभाग के नाम पर की जा रही साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने बताया है कि कुछ असामाजिक एवं साइबर ठगी से जुड़े तत्व स्वयं को विभागीय अधिकारी, कर्मचारी अथवा शुभचिंतक बताकर फोन, व्हाट्सएप एवं अन्य माध्यमों से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोग जांच, लाइसेंस, पंजीकरण, नवीनीकरण, निरस्तीकरण, जुर्माना, सहायता, उधार अथवा आपातकालीन परिस्थितियों का हवाला देकर कारोबारियों में भय और भ्रम पैदा करते हैं तथा उन्हें फर्जी क्यू आर कोड या स्कैनर भेजकर धनराशि जमा कराने अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित करते हैं। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय दीनानाथ यादव ने स्पष्ट किया है कि यह पूर्णतः धोखाधड़ी है।

विभाग का कोई भी अधिकारी व्यक्तिगत यूपीआई, क्यू आर कोड या निजी बैंक खाते में धनराशि जमा कराने के लिए नहीं कहता है। विभाग ने कारोबारियों से अपील की है कि अज्ञात नंबरों से प्राप्त ऐसे किसी भी कॉल अथवा संदेश पर विश्वास न करें, किसी भी व्यक्तिगत क्यू आर कोड या लिंक के माध्यम से भुगतान न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय, कलेक्ट्रेट अलीगढ़ (कक्ष संख्या-28 एवं 29) को दें। इसके अतिरिक्त मोबाइल नंबर 9452704270 पर भी सूचना दी जा सकती है।

### बारह साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के वृहद शिविर का हुआ सफल आयोजन



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित स्वर्णिम कार्यकाल के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्राथमिकताओं के आधार पर आज विकास खंड शिकोहाबाद, फिरोजाबाद के परिसर में 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण केष् थीम पर एक वृहद एवं भव्य जनसंवाद तथा लाभार्थी पंजीकरण शिविर का अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त लोक-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सीधे पहुँचाने की प्रशासनिक प्रतिबद्धता दोहराई गई।आयोजित वृहद शिविर में विभिन्न विकासपरक एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा अपने स्टॉल स्थापित कर जनता को सीधे लाभान्वित किया गया। समेकित प्रयासों के फ्लस्वरूप शिविर में लगभग 150 पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही नया पंजीकरण सुनिश्चित किया गया. इसके साथ ही पूर्व से संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को उनके स्वीकृत पत्रों एवं विभिन्न कल्याणकारी लाभों का वितरण कर शासन की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। शिविर में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी के निर्माण एवं कृषकों की तकनीकी प्रगति के लिए फार्मर रजिस्ट्री हेतु विशेष काउंटर स्थापित कर दर्जनों परिवारों व किसानों को डिजिटल डेटाबेस से जोड़ा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ-साथ आंगनबाड़ी विभाग द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित जागरूकता एवं अनुपूरक पुष्टाहार योजनाओं के स्टॉल लगाकर जन-जन को जागरूक किया गया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में नगर निगम अलीगढ़ द्वारा 5 जून से 21 जून 2026 तक जन-कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, स्वच्छता जागरूकता एवं जन सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत क्वारसी क्षेत्र के तरुण वैली गार्डन के पास सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रशान्त सिंघल विधायक कोल अनिल पाराशर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता भूपेंद्र कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा ने कैम्प में आये लोगो को केंद्र सरकार के 12 वर्ष व प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय योजनाओं में बढ़चढ़ प्रतिभाग करने व योजनाओं का लाभ समाज के पिछले पायदान के व्यक्ति तक पहुचाने के लिए एक जुट होकर कार्य करने की अपील की।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में नगर आयुक्त के बताया कि शासन की मंशा के अनुसार केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण व केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुचाने के लिए विभिन्न स्वच्छता व जागरूकता अभियान व जनजागरूकता कैम्प, कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध कराने नागरिक समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया जा रहा है। महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ''सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को उनके क्षेत्र में ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, समस्याओं का समाधान करना तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। महापौर ने नागरिकों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नगर विकास के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही अलीगढ़ को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर बनाया जा सकता है। विधायक कोल अनिल पाराशर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित किया है।

# रामबाग कॉलोनी में गिरासू खंबा दे रहा है दुर्घटना को न्यौता



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** रामघाट रोड़ थाना क्वार्सी क्षेत्र रामबाग कॉलोनी चार नंबर गली में स्थित एक मकान के बाराबर गिरासू बिजली के खंबे के कारण कभी भी कोई बडा हादसा होने से टाला नहीं जा सकता हैं, विद्युत विभाग को अवगत कराने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठायें हैं, जब कि ग्रह स्वामी सुरेन्द्र शर्मा द्वारा गिरासू खंबे को बदलने के लिए कईबार पॉटल पर अवगत करा दिया गया है, लेकिन बावजूद इसके विभाग के कानों में जूं तक नहीं रैंगी हैं, शायद विभाग के आलाधिकारियों को किसी बड़ा हादसा होने का इंतजार हैं।

# जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जनपद में आज आयोजित हो रही प्रवक्ता भर्ती परीक्षा (प्रारंभिक परीक्षा)- 2025 को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा परीक्षा केंद्रों का सघन औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ शिकोहाबाद क्षेत्र के प्रमुख परीक्षा केंद्रों- नारायण डिग्री कॉलेज तथा पाली इंटर कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर सीटिंग प्लान, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, प्रकाश व वेंटिलेशन की व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का बारीक मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों और तैनात पुलिस बल को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

# डबल इंजन सरकार ने बदली अलीगढ़ की तस्वीर: प्रभारी मंत्री




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क राशन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। आज गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध हो रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और अन्य आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हुआ है।

कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार के साथ उत्तर प्रदेश निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियां पारदर्शी ढंग से हो रही हैं और युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में भी देश ने नई पहचान बनाई है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का विकास और महाकुंभ जैसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के बल पर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सभी वर्गों को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का प्रत्यक्ष लाभ अलीगढ़ के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है और जनपद तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत जनपद के 4.10 लाख से अधिक किसानों को 1399 करोड़ रुपये की सम्मान निधि सीधे उनके खातों में भेजी गई है, जबकि किसान ऋण मोचन योजना के तहत 1.11 लाख किसानों का 790 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। गन्ना किसानों को 1153 करोड़ रुपये का भुगतान कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से हजारों गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 3.68 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता अभियान को नई गति दी गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 10.99 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं और दो लाख से अधिक लाभार्थियों को 242 करोड़ रुपये से अधिक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया है। वहीं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी योजना से जोड़ने का कार्य किया गया है। ऊर्जा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3.22 लाख निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से 69 हजार से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 110 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया गया है।

# 125 ग्राम पंचायतों को उत्तराखंड में शामिल करने की मांग ने फिर पकड़ी रफ्तार

## भिक्कावाला में संघर्ष समिति की बैठक, जनजागरण अभियान चलाने और 19 जुलाई को अगली रणनीति तय करने का निर्णय



अमर भास्कर ब्यूरो

**अफजलगढ़।** उत्तराखंड की सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के 125 ग्राम पंचायतों के 285 गांवों तथा नगर पंचायत बढ़ापुर को उत्तराखंड में शामिल किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में उत्तराखंड संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को ग्राम भिक्कावाला स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संघर्ष समिति के संयोजक मनमोहन दूतपुड़ी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने क्षेत्र के लोगों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पूर्व सैनिकों, युवाओं तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। संयोजक मनमोहन दूतपुड़ी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, रोजगार, कृषि तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों को उत्तराखंड में शामिल करने की मांग केवल प्रशासनिक सीमाओं का विषय नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास, पहचान और जनहित से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्थानीय जनता की राय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा जनजागरण अभियान और जनमत संग्रह के माध्यम से लोगों की भावनाओं को एकत्रित किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को इस आंदोलन से जोड़ने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के विकास, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और जनभावनाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी। संयोजक मनमोहन दूतपुड़ी ने बताया कि आगामी 19 जुलाई को ग्राम भिक्कावाला स्थित शिव मंदिर में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी,जिसमें आंदोलन की आगामी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रीतम सिंह रौतेला, उपेंद्र डोबरियाल, जितेंद्र सिंह, बाबू जोशी, कृष्णा थपलियाल, सुरेंद्र गुसाईं, महिमानंद बर्थवाल, दीपक मयाल, कैलाश थपलियाल, रघुवीर सिंह, गजेंद्र सिंह बिष्ट, सुनील कुमार धस्माना तथा अनिल नेगी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक पीसी चक्रवर्ती की पत्नी पुष्पा चक्रवर्ती का निधन

अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर/नगीना।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार पीसी चक्रवर्ती की धर्मपत्नी पुष्पा चक्रवर्ती का ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों, शुभचिंतकों, पत्रकारिता जगत तथा सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई। पुष्पा चक्रवर्ती लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। 14 जून की तड़के लगभग 2.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

पुष्पा चक्रवर्ती सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए जानी जाती थीं। आपातकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न जन आंदोलनों, किसान-मजदूर और पत्रकार हितों से जुड़े अभियानों में सहयोग दिया। सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने और सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्राम श्रवणपुर से रविवार अपराह्न एक बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई तथा उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया गया। पुष्पा चक्रवर्ती के निधन नगर अध्यक्ष डॉक्टर शादाब, पूर्व राज्य मंत्री सपा विधायक मनोज पारस, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील,सपा नगर अध्यक्ष सुहेल इकबाल, युवा भाजपा नेता सलीम सैफी, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद राशिद, आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष तथा सभासद मोहम्मद असलम, अक्षय चौहान, फिरोज शेख,मुनीर आलम, भारतीय जनता पार्टी पसमांदा समाज के नगर अध्यक्ष बदर मुनीम आदि ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# केंद्र की भाजपा सरकार अपने 12 वर्षों के कार्यकाल पर मीडिया के सामने संवाद करेः जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू



अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू ने कहा है कि भाजपाई पत्रकारों के साथ संवाद में केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री जी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धि यों का विस्तार से बखान कर रहे हैं। लेकिन देश की जनता और विशेष रूप से युवाओं के मन में कई महत्वपूर्ण प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। अखलाक पप्पू ने कहा कि यदि केंद्र सरकार अपने 12 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर इतनी आश्वस्त है, तो स्वयं मीडिया के सामने आकर खुला संवाद करना चाहिए और देश के सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की आवश्यकता आखिर क्यों पड़ रही है? सरकार बताए कि रोजगार सृजन के मोर्चे पर क्या उपलब्धियां रही हैं और युवाओं से किए गए वादों का क्या हुआ? देश के विभिन्न राज्यों में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री जी को देश के युवाओं के साथ सीधा संवाद कर उनकी चिंताओं का जवाब देना चाहिए। अखलाक पप्पू ने कहा कि लोकतंत्र में जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार केवल उपलब्धियों का प्रचार करने के बजाय जनता के वास्तविक सवालों पर भी खुलकर चर्चा करे। देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि 12 वर्षों के शासन में बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर क्या ठोस प्रगति हुई है।

# रक्तदान है महादान, एक यूनिट रक्त कई जिंदगियां बचाने में है सक्षम: डॉ. मनोज वर्मा

## ▶▶रक्तदान में हिस्सा लेकर बचायें तमाम जिंदगीः डा. शाश्वत वर्मा ▶▶विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान के लिए किया जागरूक








अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को नगर एवं क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा रक्तदान के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

नगर के प्रतिष्ठित धर्मनंदा ब्लड बैंक के संस्थापक डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं बल्कि मानवता की सबसे बडी सेवा है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन तथा प्रसूति जैसी आपात परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है और ऐसे समय में रक्तदाता किसी के लिए जीवनदाता बन जाता है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर नियमित रक्तदान करने तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया। ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉ. शाश्वत वर्मा ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है और इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है बल्कि रक्तदाता को भी आत्मसंतोष और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर धर्मनंदा ब्लड बैंक द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं रोटरी क्लब स्योहारा ने भी नागरिकों से आगे आकर रक्तदान करने और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। विश्व रक्तदाता दिवस के माध्यम से रक्तदाताओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित करते हुए समाज में मानव सेवा, परोपकार और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने रक्तदान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया।

# कपड़े टांगते समय करंट की चपेट में आई गुनगुन, अस्पताल पहुंचने से पहले टूट गई सांसों की डोर



अमर भास्कर ब्यूरो

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामनगर की पुरानी कॉलोनी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। स्नान करने के बाद घर पर कपड़े टांग रही 16 वर्षीय किशोरी अचानक मोटर की टूटी हुई विद्युत तार की चपेट में आ गई। करंट लगने से किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव इस्लामनगर स्थित पुरानी कॉलोनी निवासी योगेश कुमार की पुत्री गुनगुन (16 वर्ष) रविवार दोपहर करीब दो बजे स्नान करने के बाद घर के आंगन में कपड़े टांग रही थी। इसी दौरान वहां लगी पानी की मोटर से संबंधित एक टूटी हुई विद्युत तार में अचानक करंट प्रवाहित हो रहा था। अनजाने में तार के संपर्क में आते ही गुनगुन को जोरदार करंट का झटका लगा और वह मौके पर ही गिरकर अचेत हो गई। घटना होते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्य और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह किशोरी को करंट की चपेट से बाहर निकालकर निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा मौत की पुष्टि किए जाने के बाद परिजनों की उम्मीदें टूट गई और अस्पताल में ही मातम छा गया। बताया जाता है कि गुनगुन परिवार की होनहार और मिलनसार बच्ची थी। उसकी असमय मौत से माता-पिता समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी परिवार के घर पहुंच गए और शोक संवेदना व्यक्त की।

# रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर में हुई जांच, 18 ने किया रक्तदान

**अफजलगढ़( अमर भास्कर ब्यूरो)।** ग्राम जमुनवाला स्थित जूनियर हाई स्कूल परिसर में रविवार को श्री मनोरथ प्रसाद हरिवंश स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उत्तराखंड से आए चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष योगिता जोशी ने फीता काटकर किया। इस दौरान अनीता मेमोरियल नर्सिंग होम, काशीपुर से आए चिकित्सक डॉ. दीपांशु ने अपनी टीम के साथ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में पहुंचे 45 लोगों का रक्तचाप, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए तथा आवश्यक परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वहीं, ब्लड बैंक जसपुर (उत्तराखंड) की टीम ने रक्तदान शिविर में पहुंचे 18 रक्तदाताओं के रक्त नमूने लिए। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष योगिता जोशी ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और रक्तदान के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। शिविर को सफल बनाने में सचिन, चंद्रवीर, गायत्री, संयोजिका कमला देवी, विमल कुमार, ग्राम प्रधान गितेंद्र चौधरी, धीरज सिंह रावत, विक्रम सिंह नेगी तथा संतोष जखवाल सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।




# तीन वर्ष के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सर्विस रोड की नहर पर पुलिया का निर्माण हुआ शुरू

**बरूकी( अमर भास्कर ब्यूरो)।** पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी ओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर नहर पर आखिरकार तीन वर्ष से संघर्षरत भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का सपना हुआ साकार। पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिशासी अभियंता आशीष शर्मा की देखरेख में नहर पर पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनखड़ एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि तीन वर्ष से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बरूकी बस स्टैंड पर बने ओवर ब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की नहर पर पुलिया निर्माण को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। आखिरकार भारतीय किसान यूनियन एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी द्वारा ओवर ब्रिज की एक सर्विस रोड की नहर पर पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया गया है। पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिशासी अभियंता आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिया का निर्माण जनहित में शीघ्र कराने का प्रयास किया जा रहा है।



# देश को आज फिर राजीव गांधी जैसी आधुनिक सोच वाले नेतृत्व की बेहद जरूरतः नगराध्यक्ष अहसन जमील





अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कहा कि देश को आज फिर ऐसे दूरदर्शी और आधुनिक सोच वाले नेतृत्व की आवश्यकता है, जैसा नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश को दिया था। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को तकनीकी क्रांति, सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का काम किया, जिसका लाभ देश आज भी उठा रहा है।

अहसन जमील ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं और भविष्य में प्रधानमंत्री पद के एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार देशभर में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। उन्होंने गांधी परिवार की कुर्बानियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इस परिवार ने अभूतपूर्व बलिदान दिए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। वहीं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी कठिन परिस्थितियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। अहसन जमील ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश को जोड़ने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश की जनता विकास, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर कांग्रेस की नीतियों का समर्थन करेगी और आने वाले समय में पार्टी को नई मजबूती प्रदान करेगी।

# खेत की सिंचाई कर रहे किसान पर गुलदार का हमला, शोर मचाकर बची जान

अमर भास्कर ब्यूरो

**नांगल सोती।** खेतों में काम कर रहे किसानों के लिए जंगल से बढ़ता खतरा एक बार फिर सामने आ गया। शनिवार दोपहर क्षेत्र में खेत की सिंचाई कर रहे एक किसान पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर चोट से तो बच गया, लेकिन उसके पैरों पर पंजों के निशान पड़ गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है।

गांव सौफतपुर निवासी गौतम सिंह (32) शनिवार दोपहर करीब दो बजे अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। खेत आबादी से लगभग 400 मीटर दूर बताया जा रहा है। इसी दौरान पीछे से आए गुलदार ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। अचानक हुए हमले से किसान घबरा गया, लेकिन उसने तुरंत शोर मचाया। किसान के शोर मचाने पर गुलदार पास के गन्ने के खेत में घुसकर फरार हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों के समय पर पहुंचने से एक बड़ी घटना टल गई, लेकिन इलाके में भय का माहौल गहरा गया है। हमले में गौतम सिंह के पैरों पर गुलदार के पंजों के निशान पाए गए हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई है। घटना के बाद किसान और उनके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में गुलदार की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले ही इसी गांव के सत्यपाल सिंह की पशुशाला में गुलदार घुस आया था। उस घटना में एक बकरी की मौत हो गई थी जबकि दूसरी बकरी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। लगातार हो रही घटनाओं के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत दोनों बढ़ गई है। लोगों ने राजगढ़ वन क्षेत्र के अधिकारियों को सूचना देकर इलाके में पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गुलदार को पकड़ा नहीं जाता, तब तक खेतों में काम करना जोखिम भरा रहेगा। राजगढ़ वन रेंज के रेंजर देव [illegible] सक्सेना ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही टीम को मौके पर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाएगा, ताकि गुलदार को पकड़ा जा सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# समाज व राष्ट्र उत्थान को शिक्षा बेहद जरूरीः डॉक्टर शुभम

## ▶▶भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने 251 मेधावी किए सम्मानित ▶▶समाज में शैक्षिक क्रांति लाना सोसायटी का उद्देश्यः राजेंद्र




अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के 12वें मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में भुइयार समाज के 251 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज सफदरजंग दिल्ली के डॉ शुभम कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र में समाज के उत्थान के लिए अच्छी शिक्षा बेहद जरूरी है द्य उन्होंने समाज के युवाओं से कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

भुइयार एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा राजमिलन बैंकट हॉल में आयोजित 12 वे सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ शुभम कुमार ने कहा कि समाज में राष्ट्र के उत्थान को शिक्षा बेहद जरूरी है । उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की । उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का भविष्य है । इन्हें अच्छी शिक्षा व संस्कार देकर समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है द्य उन्होंने मेधावी छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थी यो को दिशा तय करनी होती हैद्य विशिष्ट अतिथि बी एच ई एल के पूर्व प्रबंधक दयाराम सिंह भामड़ा ने कहा कि समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खड़े किए जा रहे हैं ल समाज के छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने तथा कैरियर गाइडेंस के माध्यम से युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाया जा रहा हैद्य उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलग जगाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने विगत वर्षों में समिति द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज में शैक्षिक क्रांति लाना हैद्य विगत वर्षों में किए गए कार्यों के अच्छे परिणाम आने शुरू हो गए हैद्य समाज के कई विद्यार्थियों ने शिक्षा चिकित्सा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शानदार कार्य किया है। प्रतियोगिता परीक्षा में भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी अमरपाल सिंह भुइयार ने कहा कि भुइयार समाज के मेधावी विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि में मंच के माध्यम से समाज के 251 चिन्हित छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र तथा सामान्य ज्ञान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गयाद्य इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आलोक सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार, दयाराम सिंह भामरा, पूर्व प्रबंधक डालचंद, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, अवर अभियंता विनोद कुमार,प्रशासनिक अधिकारी दीपक कुमार, प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह, गुरदास सिंह, डॉ सीपी सिंह, गिरिराज सिंह, गोपाल सिंह, संजीव कुमार, सूरज सिंह गंगाराम सिंह, पवन सिंह, दयाराम सिंह, भोपाल सिंह, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, सोपाल सिंह, मेहर सिंह ठेकेदार, ओमकार सिंह, पंकज जयशवाल, मेहर सिंह डॉ. बीपी सिंह, सत्यपाल सिंह, केशव शरण, तेजपाल सिंह, रमा रानी, डॉ अंशिका, यशवंशीवाल, वर्षा पवार, कर्मेंद्र सिंह संदीप सिंह, दीपक कुमार, टीकम सिंह, राहुल कुमार, ज्ञान सिंह आदि ने विचार रखे कार्यक्रम के अध्यक्षता अमरपाल सिंह तथा संचालन केशव शरण व राजेंद्र कुमार भुइयार ने संयुक्त रूप से किया।

# सीएनजी पंप के पास धूं-धूं कर जला ऑटो

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** गोवर्धन रोड स्थित सतोहा कामिनी क्षेत्र में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सीएनजी भरवाने आए एक ऑटो में अचानक भीषण आग लग गई। घटना सीएनजी पंप के बिल्कुल समीप होने के कारण आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ऑटो चालक शनिवार को सीएनजी भरवाने के लिए पंप पर पहुंचा था। इसी दौरान अचानक ऑटो से लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। राहत की बात यह रही कि आग लगते ही चालक और उसमें सवार लोग तुरंत बाहर कूद गए। जिस स्थान पर ऑटो में आग लगी, उसके ठीक सामने ही मुख्य सीएनजी पंप मौजूद था। इससे लोगों में किसी बड़े और भयानक विस्फोट की आशंका को लेकर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, मौके पर मौजूद पंप कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने भारी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए तुरंत आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभाला। आग इतनी भयानक थी कि जब तक उस पर पूरी तरह काबू पाया जाता, तब तक ऑटो पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।

# चमचमाती ट्रॉफी के बीच विजेता टीम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) सीजन-2 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में यू पी ब्रिज स्टार्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात डायमंड्स को 4 रनों से पराजित कर इतिहास रच दिया। इस खिताबी जीत के साथ ही यू पी ब्रिज स्टार्स ने चमचमाती ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। यह जानकारी आज श्री वृंदा ग्रुप के एम डी राघव अग्रवाल, निदेशक के के गौतम एवं टीम के सचेतक नेत्रपाल सोलंकी ने दी है।




टूर्नामेंट के आगाज से ही यू पी ब्रिज स्टार्स की टीम का दबदबा देखने को मिला। पूरी प्रतियोगिता में टीम एक चौम्पियन की तरह खेली और अपने सभी 6 मैचों में जीत का परचम लहराते हुए अजेय रहकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी यू पी ब्रिज स्टार्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 165 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात डायमंड्स की टीम अंतिम क्षणों तक संघर्ष करती रही, लेकिन यू पी ब्रिज स्टार्स के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ के आगे पूरी टीम 161 रनों पर ऑलआउट हो गई। यू पी ब्रिज स्टार्स के कप्तान चिराग गांधी ने अपने बेहतरीन नेतृत्व और शानदार खेल के दम पर टीम को जीत की दहलीज पार कराई। उनके इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए उन्हें फाइनल का मैन ऑफद मैच चुना गया। मैच के समापन पर मुख्य अतिथि और यू पी ब्रिज स्टार्स टीम के मालिक व श्री वृंदा ग्रुप के चेयरमैन राम अग्रवाल जी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए ट्रॉफी भेंट की। इस ऐतिहासिक जीत के अवसर पर श्री वृंदा ग्रुप के एम डी राघव अग्रवाल, निदेशक के के गौतम एवं टीम के सचेतक नेत्रपाल सोलंकी अपनी पूरी टीम के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मैदान पर मौजूद रहे। टीम की इस शानदार सफलता पर मैनेजमेंट और समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# सीआरपीएफ16वीं वाहिनी, मथुरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** नितिन कुमार, कमांडेंट, 16वीं बटालियन सीआरपीएफ मथुरा के मार्गदर्शन में बटालियन के तत्वावधान में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, आगरा के सहयोग से 14 जून को 16वीं बटालियन सीआरपीएफकैम्प गणेशरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान आगंतुकों को चिकित्सीय परामर्श, रैंडम ब्लड शुगर (आरबीसी) जांच, रक्तचाप परीक्षण, आवश्यकता अनुसार ईसीजी जांच तथा चिकित्सीय परामर्श के अनुसार दवा वितरण आदि स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, आगरा की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम द्वारा सभी स्वास्थ्य सेवाएं एवं रक्तदान प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। रक्तदान शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना तथा बल कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। शिविर में बड़ी संख्या में जवानों एवं परिजनों ने रक्तदान कर मानवता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया साथ ही केरिपु बल की देश व जनमानस की सुरक्षा के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर जयप्रकाश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, राजेश्वर सिंह यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, रोहित त्रिपाठी, उप कमांडेंट, लोकेश चौधरी, सहायक कमांडेंट, राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट अनन्त हंस, सहायक कमांडेंट सहित अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र में रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

रविवार सुबह नौ बजे पुलिस की सूचना मिली कि मघेरा पुलिया के पास सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें दो युवक घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि अंकित निवासी कोसी खुर्द की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी, जबकि उसका साथी रामू सिंह गंभीर घायल थे। घायल रामू को उपचार के लिए जिला अस्पताल मथुरा भेजा गया। जांच में सामने आया कि दोनों युवक कोसी खुर्द से जाजनपट्टी की ओर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सीओ गोवर्धन अनिल कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



## सार-संक्षेप

### ओमान में भारतीय नागरिक की मौत, दूतावास परिवार के संपर्क में



**ओमान।** देश में भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि समुद्र में एक जहाज पर मेडिकल दिक्कतों के कारण जान गंवाने वाले भारतीय नागरिक निशांत उर्थनाथन के शव को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दूतावास ने बताया कि वह मृतक के परिवार, जहाज के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वह स्थानीय ओमानी प्रशासन, बंदरगाह अधिकारियों और शिपिंग कंपनी के साथ समन्वय कर रहा है। दूतावास के अनुसार, निशांत उर्थनाथन की एमटी सेलेस्टियल जहाज पर मेडिकल दिक्कतों के कारण मौत हो गई। दूतावास ने बताया कि जहाज के जल्द ही ओमान के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित डुक्म बंदरगाह पहुंचने की उम्मीद है। शव को जहाज से उतारने और उसे भारत भेजने के लिए आवश्यक इंतजाम कर लिए गए हैं। साथ ही परिवार को सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने में सहायता दी जा रही है। हालांकि दूतावास ने उन मेडिकल कारणों का खुलासा नहीं किया है, जिनकी वजह से उर्थनाथन की मौत हुई। शनिवार को भारतीय दूतावास ने उर्थनाथन की मौत की पुष्टि करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। दूतावास ने कहा था कि वह जहाज की प्रबंधन कंपनी के साथ लगातार संपर्क में है।

इस बीच, फॉरवर्ड सीमेन यूनियन ऑफ इंडिया ने दावा किया कि उर्थनाथन की 11 जून को गंभीर रूप से बीमार पड़ने के बाद मौत हुई। यूनियन ने भारत और ओमान के अधिकारियों से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने शनिवार को एक वीडियो क्लिप भी साझा की थी, जिसमें उर्थनाथन बीमार हालत में दिखाई दे रहे थे और क्रू का एक सदस्य उन्हें भोजन दे रहा था। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि एमटी सेलेस्टियल वही जहाज है जिसे पिछले महीने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी मरीन ने रोका था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, 20 मई को जहाज की तलाशी ली गई थी। तलाशी और आवश्यक निर्देश देने के बाद जहाज को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी गई थी।

### पीओके में प्रदर्शन को लेकर दुनिया में हो रही पाकिस्तान की फजीहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के हुक्मरान भी मानने लगे हैं कि पीओके में बिगड़ते हालात से उनकी फजीहत हो रही है। चौतरफा घिरी पाकिस्तान सरकार के गठबंधन के साथी और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को प्रदर्शन कर रहे लोगों से अपील की कि वे अपना आंदोलन समाप्त कर लें। उन्होंने कहा, इससे प्रांत और पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि दोनों को नुकसान पहुंच रहा है। रविवार को जारी बयान में, बिलावल ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से होने वाला शांति समझौता एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, जब पूरी दुनिया की नजर पाकिस्तान पर है, ऐसे समय में इस मुद्दे से पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थिति विरोधियों को स्थिति का फायदा उठाने का अवसर दे रही है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे अपने आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त करें और जिन्होंने कानून अपने हाथ में लिया है, वे स्थानीय प्रशासन के सामने आत्मसमर्पण करें ताकि कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

# केंद्र की जनहितकारी योजनाओं ने बदली करोड़ों लोगों की जिंदगी: श्रीकांत शर्मा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा रविवार को मथुरा ब्लॉक परिसर में केंद्र सरकार के विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन विधायक पंडित श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल योजना तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। आज भारत आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है तथा वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिला महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य किया है। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष ललित गौतम ने कहा कि ऐसे आयोजन जनता और सरकार के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनते हैं तथा जनहितकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महानगर जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष केवल उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता और जनसेवा की सतत यात्रा के प्रतीक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा लाभार्थियों को जनजागरूकता सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर रामकिशन पाठक, अंकुर गुर्जर, दीपक गोला, लोकेश निषाद, माधव उपमन्यु, राकेश तोमर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# दो युवकों की करंट लगने से मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव ईटौली में रात के समय दो युवकों की बिजली करंट से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

शनिवार की बीती रात्रि को पृथ्वी शर्मा और कन्हैया सिंह दोनों मीठा पानी के लिए समरसेवल चला के लिए गए थे जैसे ही समरसेबल को चालू करते समय अचानक से कन्हैया सिंह का विद्युत तार से हाथ लग गया। जिसके चलते कन्हैया विद्युत करंट की चपेट में आ गया कन्हैया की चिक सुनकर थोड़ी दूर खड़े पृथ्वी शर्मा उसे बचाने के लिए भाग तो वह भी विद्युत करंट की चपेट में आ गया। जिसके चलते पृथ्वी शर्मा (24) निवासी इटौली थाना राया जनपद मथुरा व कन्हैया सिंह(22) निवासी गुबरारी थाना मुडसान जिला हाथरस दोनों युवकों की विद्युत करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक कन्हैया सिंह अपनी बहन के यहां करीब 14 वर्षों से यही रह रहा था। कन्हैया सिंह को परिवार के लोग अपने गांव गुबरारी ले गए। वही पारिवारिक जिन्होंने बिना पोस्टमार्टम कराएं दोनों का दाह संस्कार कर दिया।



# ब्लड सेंटर पर रक्तवीर सम्मान समारोह संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** बृजवासी चौरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर एक भव्य रक्तदान शिविर एवं रक्तवीरों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने किया डॉ उपमन्यु एडवोकेट ने बताया रक्तदान महादान होता है यह जीवन बचाने वाला कार्य है हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में दो बार रक्तदान जरुर करना चाहिए ,में रक्तदान कराने वाली संस्थाओं को बहुत-बहुत बधाई एवं सभी रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को नमन करता हूं भूपेश अग्रवाल ने बताया रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती , ब्लड बैंक के माध्यम से हम रक्त ले सकते हैं इससे समय रहते मरीजों की जान बचाई जा सकती है लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए ब्लड बैंक प्रभारी शुभम अग्रवाल ने बताया 14 जून को हम विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाते हैं, ब्लड बैंक परिवार ने धन्यवाद स्वरूप सभी संस्थाओं को रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया है ,रक्तदान महादान है इसका कोई मोल नहीं है। डॉ पी एल गोयल ने बताया हमारी ब्लड बैंक को अभी डेढ़ वर्ष हुआ है।



# ईरान की जब्त 25 अरब डॉलर की संपत्तियां जारी करेगा अमेरिका?

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच एक संभावित समझौते को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। खबर के मुताबिक, ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच एक ड्राफ्ट समझौता तैयार किया गया है, जिसमें तेल प्रतिबंध, परमाणु कार्यक्रम और आर्थिक राहत जैसे कई अहम मुद्दे शामिल हैं। इस ड्राफ्ट पर सहमति बनने के बाद 60 दिनों के भीतर एक अंतिम समझौते पर बातचीत की जाएगी। इस प्रस्तावित समझौते के तहत सबसे बड़ा कदम यह है कि ईरान तुरंत होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए खोल देगा। बदले में अमेरिका ईरान के बंदरगाहों पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। यह प्रक्रिया समझौता साइन होते ही शुरू हो जाएगी और 30 दिनों के भीतर पूरी कर दी जाएगी। यह रास्ता वैश्विक तेल सप्लाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए इसका खुलना अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए बड़ी राहत हो सकती है। वित्तीय मोर्चे पर अमेरिका अंतिम समझौता होने तक ईरान पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा। अंतिम समझौते के बाद अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रतिबंध तय समयसीमा के अनुसार हटाए जाएंगे। अमेरिका ईरान को एक निश्चित अवधि के लिए तेल बेचने और उससे होने वाली आय प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए तेल प्रतिबंधों में भी छूट देगा। मसौदे में यह भी प्रस्ताव है कि अमेरिका ईरान की 25 अरब डॉलर की जब्त संपत्तियां जारी करेगा। यह राशि प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण, क्षेत्रीय देशों के सहयोग और वित्तीय क्रेडिट लाइनों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके अलावा, अमेरिका अपने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर ईरान के पुनर्निर्माण और विकास की योजना तैयार करेगा, जिस पर 60 दिनों के भीतर तेहरान के साथ बातचीत होगी।



परमाणु मुद्दे पर ईरान इस बात पर सहमत होगा कि वह न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही हासिल करेगा। अंतिम समझौते तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति बनाए रखेगा और यूरेनियम संवर्धन या परमाणु सुविधाओं के विस्तार को आगे नहीं बढ़ाएगा। मसौदे के अनुसार, भविष्य के व्यापक समझौते के तहत अमेरिका ईरान को अपनी उच्च संवर्धित यूरेनियम की मौजूदा भंडार सामग्री को ईरानी जमीन पर ही कम संवर्धित स्तर में बदलने की अनुमति देगा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार के प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर समझौता ज्ञापन के बाद अगले 60 दिनों के भीतर बातचीत होगी और इन्हें अंतिम समझौते में शामिल किया जाएगा। कुल मिलाकर, यह ड्राफ्ट समझौता अगर लागू होता है, तो यह ईरान-अमेरिका संबंधों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022